हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 15 जून 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

14 सड़क पर मवेशियों का झुंड, टकराने से लोग हो रहे...

16 रक्तदान करने दिव्यांग सहित युवाओं ने दिखाया उत्साह


श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
Shri Gopala Hospital
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल
बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध
24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज
बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

अत्याधुनिक लेज़र से
पाइल्स, फिशर, फिस्चुला, साइनस, वार्ट, पोलिप तथा मलद्वार की अन्य समस्त तकलीफों का त्वरित एवं स्थाई समाधान।
लेज़र के फायदे -
बिना चीरा, बिना टांका, बिना रक्तस्त्राव, न्यूनतम दर्द, जलन, परेशानी, पट्टी, दवाई एक दिन भर्ती, शीघ्र रिकवरी, दीर्घकालिक परिणाम आसान, सुरक्षित, किफायती, दोबारा होने का डर नही।
आज ही सम्पर्क करें -
एसएमसी हॉस्पिटल
रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, अर्जुनी, धमतरी
मो. 7725046397, 930898331
पैकेज 15000/- से प्रारंभ
प्रदीप हॉस्पिटल
बाईपास रोड, कुरुद, जिला- धमतरी
मो. 7725001343, 9893659633

## नीट में प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट का छ.ग. में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट के छात्रों ने प्रदेश ही नहीं देश में अपना व संस्था का नाम रौशन किया है इस वर्ष पियूष शर्मा 607 अंक लाकर पूरे देश में (जनरल केटेगीर रैंक 968) अपनी एक अलग पहचान बनायी है। अनुराग चौधरी 598 अंक (AIR-1511) कैटेगीरी रैंक 479, मंदीप 590 अंक (AIR-2243) कैटेगीरी रैंक 164, अभिषेक सिंग 578 अंक (AIR-4342) कैटेगिरी रैंक 1653, श्वेता मंडावी 535 अंक कैटेगीरी रैंक 37 इसी तरह अनेक छात्रो ने अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है। 500 से अधिक अंक 27 छात्रों ने लाया है और 95 से अधिक छात्रों ने NEET क्वालीफाई किया है सभी छात्रो ने अपनी कड़ी मेहनत संस्था के शिक्षकगणो के मार्गदर्शन, टेस्ट सीरिज व स्टडी मटेरियल को सफलता का सूत्र बताया है।




संस्था के डायरेक्टर सभी सफल छात्रो को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट ऐसा इकलौता संस्था है जहाँ SSP भी चलाया जाता है जिसमें चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारण्टी देता है, वो भी लिखित दस्तावेज के साथ।

अन्तिम SSP बैच 18 जून से प्रारंभ हो रही हो जिसका नामांकन प्रकिया प्रारंभ है। छात्र-छात्राओं के रहने के लिए अलग-अलग हॉस्टल व मेंस की सुविधा है।

इच्छुक छात्र मो.नं. 8319571812, 7880168887 में सम्पर्क कर सकते है। यह संस्था शॉप नं. 178 न्यू सिविक सेन्टर भिलाई में स्थित है।

ADVT.

### छात्रावासों में दाखिला नहीं मिलने से बड़ी संख्या में छात्र पढ़ाई से हो रहे वंचित

# हॉस्टल की सुविधा कमजोर, छात्रगृह योजना का लाभ भी नहीं मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छात्रगृह योजना संचालित नहीं होने बड़ी संख्या में छात्र उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। कुछ छात्र हैं, जिनके परिवार आर्थिक रूप से सक्षम हैं, वे ही जिला मुख्यालय या ब्लाक मुख्यालय में किराए के मकान में रहकर पढ़ पाते हैं। आर्थिक रूप से असक्षम छात्रों को निराश होकर पढ़ाई छोड़नी पड़ती है।

जिले में उच्च शिक्षा व्यवस्था आसपास के जिलों से काफी कमजोर है। यहां पर जिला मुख्यालय और ब्लाक मुख्यालय में ही कॉलेज सहित अन्य तकनीकी कोर्स के लिए कॉलेज और अन्य संस्थाएं हैं। ग्रामीण स्तर पर छात्र जैसे-तैसे 10वीं कक्षा तक पढ़ाई कर लेते हैं लेकिन आगे की पढ़ाई के लिए ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को घर छोड़कर शहर में रहना पड़ना है। आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा इन छात्रों को हॉस्टल की सुविधा दी जाती है। विडंबना यह है कि पूरे जिले में हॉस्टल की सुविधा पर्याप्त नहीं है। यहां के सभी हॉस्टल में 3045 छात्रों को एडमिशन दिया जा सकता है। इसमें से अधिकांश छात्रावास तो ग्रामीण क्षेत्र में हैं, जहां पर दसवीं, बारहवीं तक ही पढ़ाई की जा सकती है। जिला और ब्लाक मुख्यालय में हॉस्टलिंग की सुविधा बेहद कमजोर है। धमतरी में पोस्ट मेट्रिक एसटी बालक छात्रावास, पोस्ट मेट्रिक एसटी बालिका छात्रावास, पोस्ट मेट्रिक एससी बालक छात्रावास, पोस्ट मेट्रिक एससी बालिका छात्रावास एक-एक है। प्रत्येक छात्रावास की क्षमता 50 छात्रों की हैं जबकि एडमिशन के लिए आवेदन इससे कई गुना ज्यादा आते हैं। ऐसे में कई छात्रों को छात्रावास की सुविधा से वंचित होना पड़ता है। कुछ छात्र तो किराए का मकान लेकर पढ़ाई कर लेते हैं लेकिन गरीब वर्ग के छात्रों के लिए किराया अफोर्ड करना संभव नहीं हो पाता है। ऐसे में वे चाहकर भी आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। ऐसे में छात्र गृह छात्रावास की योजना धमतरी जिले में शुरू करने की मांग कर रहे हैं।



### किसे रखना है, यह समिति तय करती है

लगभग सभी छात्रावास में सीट से दोगुना से ज्यादा आवेदन मिलते हैं। सीट से ज्यादा आवेदन होने के कारण चयन समिति छात्रावास में एडमिशन के लिए छात्रों का चयन करती है। इस समिति में कलेक्टर और विधायक सहित अन्य लोग हैं। छात्रावासों में क्षमता से ज्यादा छात्र रखने के लिए शासन से अनुमति लेनी पड़ती है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से जिले में और छात्रावास खोलने की मांग हो रही है लेकिन अब तक इस ओर कोई पहल नहीं हुई है। यह भी कारण है कि बड़ी संख्या में छात्रों को सुविधा से वंचित होना पड़ता है। इस साल 16 जून से छात्रावासों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### क्या है छात्रगृह योजना

प्रदेश के अधिकांश जिलों में छात्रगृह योजना संचालित है। इस योजना के तहत छात्रों को किराए के भवन में रहने की छूट मिलती है। इसके लिए प्रति किराए के भवन में कम से कम 5 छात्र रहने चाहिए। शासन द्वारा प्रति 950 रुपए किराया और प्रति छात्र 20 रुपए बिजली बिल की सुविधा दी जाती है। समूह में रहने पर यह राशि पर्याप्त हो जाती है। 10 छात्र किराए के भवन में रहते हैं तो उन्हें 9500 रुपए किराया और 200 रुपए बिजली का बिल के लिए मिलता है। यह सुविधा 11वीं कक्षा से लेकर कॉलेज तक के छात्रों को दी जाती है। जिले में यह सुविधा नहीं होने से बड़ी संख्या में छात्र उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं।

## पेंशनरों के लिए निगम क्षेत्र में लगेगा शिविर

**धमतरी।** आयुक्त प्रिया गोयल ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुखद सहारा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन हितग्राहियों का आधार कार्ड, बैंक खाता तथा मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने के कारण पेंशन राशि का आहरण नहीं हो पा रहा है। इसके लिये नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा शहर के सभी 40 वार्डों में 14 जून से 2 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से सुबह 9.30 बजे शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पहला शिविर हटकेशर एवं शीतलापारा वार्ड के लिए कला मंच नागदेव मंदिर के पास 14 जून शनिवार को एवं 15 जून को लालबगीचा, सुभाष नगर एवं विवेकानंद वार्ड के लिए हमर क्लिनिक कांटा तालाब के पास आयोजित होगा। 16 जून को सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड एवं बठेना वार्ड के लिए कला मंच के पास, 17 जून को सुंदरगंज वार्ड, औद्योगिक वार्ड के लिए पुरानी कृषि उपज मंडी तथा 18 जून को नवागांव वार्ड एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के लिए उमंग चौक हमर क्लिनिक में शिविर लगेगा।

### टीम की समझाइश के बाद परिजनों ने नाबालिग का विवाह टाला

# बालिग की आड़ में नाबालिग की भी हो रही थी शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




बालिग लड़की की आड़ में नाबालिग के विवाह की पूरी तैयारी थी। शनिवार को बारात भी आने वाली थी। किसी ने इसकी सूचना महिला एवं बाल विकास विभाग को दे दी। बाल संरक्षण इकाई की टीम दल बल के साथ मौके पर पहुंची और विवाह रूकवाया।

बाल विवाह निषेध कानून को लेकर लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग टीम लगातार इसे लेकर प्रचार भी कर रही है। इसके बाद भी लोग नाबालिगों का विवाह रचाने से बाज नहीं आ रहे हैं। शहर के पास भी इस प्रकार के मामले आ रहे हैं। ताजा मामला रूद्री थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां दो बहनों की शादी की तैयारी की जा रही थी। इसमें बड़ी बहन तो बालिग थी लेकिन छोटी बहन की उम्र 16 साल ही थी। इसकी सूचना मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग की जिलास्तरीय टीम अलर्ट हो गई। टीम के सदस्य शुक्रवार को विवाह वाले घर पहुंच गए। तब पता चला कि 14 जून को बारात आने वाली थी। टीम को एक दिन भी लेट होता तो विवाह हो गया होता। टीम की काफी समझाइश के बाद परिजन ने नाबालिग का विवाह टाल दिया है।

इस कार्यवाही में यशवंत बैस संरक्षण अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग, सुश्री मनीषा निषाद चाइल्ड लाइन तथा रुद्री थाना से सहायक उप निरीक्षक और आरक्षक सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच ग्राम पंचायत का योगदान रहा।

### दो बहनों की हो रही थी शादी

घर में दो बहनों की शादी हो रही थी। इसमें से बड़ी बहन बालिग थी, जबकि छोटी नाबालिग। जब टीम पहुंची तो परिजनों ने पूरा मामला दबाने की कोशिश की। वे केवल एक लड़की की शादी की जानकारी दे रहे थे। छोटी लड़की की शादी से इंकार कर रहे थे। काफी पूछताछ के बाद मामला खुलकर सामने आ गया। दोनों बहनों की उम्र को अंकसूची से मिलान किया गया। जिसमें छोटी बहन की उम्र 16 साल ही निकली।

## सीएम से शाला प्रवेशोत्सव तिथि को आगे बढ़ाने की मांग

**धमतरी।** छग राज्य अशासकीय शिक्षण संचालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी ने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में मांग की है कि नए सत्र में शाला उत्सव की तिथि 16 जून निर्धारित की गई है। परंतु अभी वातावरण में बहुत गर्मी है। साथ ही छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा प्रदत की जाने वाली निशुल्क पुस्तकें अभी तक छत्तीसगढ़ में किसी भी निजी विद्यालय को नहीं मिली हैं और अभी तक पुस्तक प्रदान करने की कोई भी तिथि निर्धारित नहीं है। चूंकि कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी एवं छठवीं में नए पाठ्यक्रम के आधार पर पुस्तकें प्रदान की जानी है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सीएम से शाला प्रवेश उत्सव की तिथि को आगे बढ़ाने की मांग की है।

## सिहावा के पहाड़ पर आराम फरमाते दिखा तेंदुआ



**नगरी।** सिहावा पहाड़ में एक तेंदुआ को तीन दिन पहले आराम करते देखा गया। यह नजारा देखने लोगों की भीड़ लग गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी बिरगुड़ी ने बताया कि सिहावा क्षेत्र में तेंदुआ लगातार कई दिनों से विचरण कर रहा है। इससे ग्रामीणों में दहशत है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले तेंदुआ सोनामगर निवासी उत्तम साहू के घर में घुसा था। उसे कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया। वन विभाग की टीम लगातार गांव में मुनादी के माध्यम से लोगों को सतर्क रहने की जानकारी दे रही है। शाम के समय घर से नहीं निकलने की हिदायत दे रही है। बच्चों को सुरक्षित रखने की बात कह रही है।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
एंडोसोनोग्राफी/ एंडोअल्ट्रासाऊंड (EUS)
गेस्ट्रोएन्टेरोलॉजी एवं हिपेटोलॉजी विभाग
• पेनक्रियास एवं पित्त नलिका की बीमारियों का सूक्ष्म एवं सटीक परीक्षण एवं उपचार
• पेट के कैंसर की विश्वसनीय एवं सटीक स्टेजिंग (Staging)
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

MBBS ADMISSION OPEN FOR 2025
RUSSIA
DETAILS
• Govt Collage
• Affordable fees
• Study in english
• Top MCI rating university
• Provide library, study room
Offer
* Drsk education लाया है न्यू ऑफर लिमिटेड समय के लिए। अभी रजिस्ट्रेशन करने पर एक टैब स्टडी करने के लिए बिल्कुल फ्री
Shastri Market Vijeta Complex Shop No. 33, Raipur
Call For Registration - +917999844972, 9301233123

डिंपल्स कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9424201700

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम आज

**पुरूर(धमतरी)।** भाजपा मंडल पुरूर द्वारा संकल्प सभा सह कार्यशाला के अंतर्गत संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम एवं नवीन भाजपा कार्यालय पुरूर का उद्घाटन 15 जून को सुबह 11 बजे होगा। भाजपा मंडल पुरूर के अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय, महामंत्री राकेश सिन्हा, यदीप साहू, कार्यक्रम के संयोजक त्रिलोकी साहू ने बताया कि पुरूर सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, भाजपा के वरिष्ठ नेता यशवंत जैन, पूर्व विधायक प्रीतम साहू पूर्व जिलाध्यक्ष पवन साहू, कृष्णकांत पवार, यज्ञदत्त शर्मा, जिला महामंत्री राकेश यादव, जिपं उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिपं सदस्य तेजराम साहू, चंद्रिका गंजीर, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, कौशल साहू मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### विमान दुर्घटना में मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि



**पखांजुर।** अहमदाबाद में हाल ही में हुई भीषण विमान दुर्घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। दुर्घटना में भारतीय और विदेशी दोनों यात्री शामिल थे। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए पखांजूर कांग्रेस कमेटी द्वारा पुराना बाजार चौक में मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में रूपसिंह पोटाई, अमर मंडल, ईश्वर कड़ियम, निहार सरकार, स्वपन बिस्वास, दिलीप बिस्वास, दिपंकर सरकार, मणिशंकर मंडल, प्रवीण सरकार, राजेश नुरूटी, विधान बिस्वास, ज्योतिष पाईक, मनोज मंडल सहित कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

### पोस्ट आफिस में मूलभूत सुविधाएं नहीं

**दुर्गुकोंदल।** तहसील दुर्गुकोंदल के उप तहसील का दर्जा प्राप्त हाटकोंदल में जहाँ पोस्ट आफिस में किसी तरह की सुविधा नही होने के चलते क्षेत्र के हितग्राही माता व बहनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। पोस्ट आफिसर से बात किया तो उन्होंने कहा कि हमें ही विभाग से सुविधा नही मिल रहा है। पंखा तक नही दिया है, जो भी बात करना है संबलपुर शाखा में बैठे अधिकारी से बात करों। कुछ हितग्राहियों ने बताया कि हम लोग आधार अपडेट कराने आए है। यहाँ बैठने के लिए न ऊपर छांव और न पीने कि पानी की सुविधा है। पोस्ट आफिस के हितग्राही गर्मी में खडे होकर लेनदेन व अन्य कार्य करवाते है, जिससे परेशानी होती है। ग्रामीणों ने पोस्ट आफिस में सुविधा उपलब्ध कराने की मांग किया है।

### जल संसाधन विभाग ने चलाया स्वच्छता अभियान

**पखांजुर।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत जल संसाधन विभाग उपसंभाग कापसी के द्वारा शनिवार 14 जून को साफ-सफाई अभियान चलाया गया। सप्ताह के हर शनिवार को सरकारी कार्यालयों में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत, विभागीय कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर के भीतर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की। इस अभियान में अनुविभागीय अधिकारी सिंचाई कापसी आरएल धीवर, चित्तरंजन घरामी, आशीष मांडवी, हरेराम सिंह, उइके, आश भाई समेत समस्त स्टाफ ने भाग लिया।

पशुपालकों पर दण्डात्मक कर्वाई करने प्रशासन से नागरिकों ने की गुजारिश

# सड़क पर मवेशियों का झुंड टकराने से लोग हो रहे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर पालिक निगम की काऊ कैचर टीम द्वारा मवेशी पकड़ने का लगातार अभियान चलाने के बाद भी सड़कों पर मवेशियों की संख्या कम नहीं हो रही है। इसका प्रमुख कारण है पशुपालक। दूध निकालने के बाद अपनी दुधारू गाय, बछड़े व अन्य गौवंश को सड़कों पर विचरण करने के लिए खुला छोड़ देते हैं। रोड में झुंड बनाकर बैठने की वजह से अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती है, जिसमें लोगों की बेवजह जान जा रही है। घायल होकर अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। शहर के सिहावा रोड, रायपुर रोड, बस्तर रोड, रत्नाबांधा मार्ग, बिलाई माता रोड, दानीटोला रोड सहित सभी 40 वार्डों की गलियों में मवेशी विचरण कर रहे हैं जो यातायात में बाधक हैं। दोपहिया, चारपहिया, साइकिल सवार, पैदल यात्री सहित हैवी वाहन मवेशी के कारण अनबैलेंस हो जाते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। जिला, पुलिस ट्रैफिक, निगम प्रशासन द्वारा हजार उपाय करने के बाद भी सड़कों वा मवेशियों की संख्या कम नहीं हो रही है। दिन दूनी रात चौगुनी मवेशी की संख्या बढ़ती जा रही है जबकि माह में 15 दिन मवेशी पकड़ने का अभियान चलाया जाता है। इस अभियान में सैकड़ों मवेशी पकड़ाते हैं जिसे सुरक्षित रूप से कांजी हाउस में रखा गया है।

शहर के नागरिक आदर्श ठाकुर, गौरव सोलंके, प्रयास साहू, आर्यन सोनकर, पंकज यादव, गिरिराज साहू, सुशांत साहू, बंटी निर्मलकर, नीलू साहू, तुषार सोनकर, राजा सोनी का कहना है कि सड़कों को मवेशीविहीन रखने सीधे दण्डात्मक कार्रवाई की जरूरत है। घुमंतू पशु की पहचान कर उन पशु पालकों को भारी भरकम जुर्माने के साथ न्यायालयीन प्रक्रिया कर दण्डात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। चेतावनी के बाद भी अगर नहीं सुधरते हैं तो कारावास की सजा का प्रावधान होना चाहिए।

बता दें कि शहर में प्रतिदिन आधा दर्जन दुर्घटना मवेशी के कारण होती है। सड़क पर एकाएक मवेशी के आ जाने से वाहन चालक अपना संतुलन खो देते हैं। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने पशुपालकों के लिए कठोर कानून बनाया जाना चाहिए।

# हर्बल पार्क के रूप में विकसित होगा बूटीगढ़

- रपटा और चेकडेम का काम भी जल्द शुरू होगा
- कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मगरलोड विकासखण्ड के सुदूर वनांचल में स्थित बूटीगढ़ पहुंचकर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जड़ी-बूटियों के संवर्द्धन और संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी अधिकारियों से ली। कलेक्टर ने इस क्षेत्र को हर्बल पार्क के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने ग्रामीणों से गांव और क्षेत्र के विकास के बारे में चर्चा की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के पास एक रपटा और चेकडेम निर्माण का काम डीएमएफ मद से स्वीकृत हुआ है, परन्तु अभी तक उसका काम शुरू नहीं हुआ है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव को प्रकरण की जानकारी लेकर जल्द से जल्द काम शुरू कराने के निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने औषधि पौधों में सिंचाई के लिए सोलर पम्प लगाने का भी प्रस्ताव बनाने को कहा।

मगरलोड क्षेत्र के सघन वनांचल में मौजूद बूटीगढ़ प्राकृतिक दवाखाने के रूप में प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि यहां आयुर्वेद का खजाना है, चप्पे-चप्पे पर जड़ी बूटियां बिखरी पड़ी हैं। यहां इंसान की हर बीमारी का इलाज किया जा सकता है। ग्रामीणों में यह भी मान्यता है कि बूटीगढ़ के पानी में भी आयुर्वेद के गुण मिले हैं और यहां के पाने से कई तरह के चर्म रोगों का इलाज किया जा सकता है। ग्रामीणों की मान्यता है कि इस क्षेत्र में वनदेवी की कृपा है।

**हर्बल पार्क का बनेगा प्रस्ताव**

जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित बूटीगढ़ में कई दुर्लभ और मूल्यवान जड़ी-बूटियां मिलती हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस क्षेत्र में मिलने वाली जड़ी बूटियां और उनके उपयोग से इलाज को संरक्षित, सवंर्द्धित करने के लिए अधिकारियों को हर्बल पार्क बनाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.अवध पचौरी बताते हैं कि बूटीगढ़ क्षेत्र में लगभग 160 प्रकार की जड़ी-बूटियों को चिन्हांकित किया गया है। इनमें से कुछ जड़ी-बूटियां तो बेहद मूल्यवान और चिकित्सकीय गुण से भरपूर हैं।

# बाल संस्कार समर कैंप का शुभारंभ

- तीसरे दिन की गतिविधियों में संस्कार, खेल और सृजनात्मकता का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



13 जून को ब्रज गोपीका सेवा मिशन (बीजीएसएम) के तत्वावधान में चल रहे बाल संस्कार समर कैंप के तीसरे दिन बच्चों के लिए प्रेरणादायक, आनंददायक और रचनात्मक गतिविधियों से परिपूर्ण रहा। आज के सत्रों में जहां एक ओर बच्चों को जीवन मूल्यों का बोध हुआ, वहीं दूसरी ओर उन्होंने खेलों और कलात्मक गतिविधियों में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

दिन की शुरुआत प्रतिदिन की तरह राधा–कृष्ण एवं पूज्य गुरुदेव की आरती के साथ हुई। आरती के पश्चात सभी बच्चों ने जोश के साथ जुम्बा एवं योग सत्र में भाग लिया। इसके बाद हुए श्लोक और नैतिक शिक्षा के सत्र में बच्चों ने संस्कृत श्लोकों का अभ्यास किया और उनके अर्थों को गहराई से समझा। दीदीजी ने श्लोकों के माध्यम से बच्चों को जीवन में धैर्य, अनुशासन और श्रद्धा के महत्व को सरल भाषा में बताया। तत्पश्चात कीर्तन सत्र आयोजित हुआ, जिसमें बच्चों ने राधा–कृष्ण की भक्ति में सराबोर होकर हर्षोल्लास के साथ कीर्तन किया। दोपहर के रचनात्मक सत्र में बच्चों ने पेपर क्राफ्ट, पोस्टर मेकिंग और सांस्कृतिक विषयों पर चित्रकला में अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की रचनाओं ने सभी को प्रभावित किया और उनमें छिपी कल्पनाशीलता को उजागर किया। इसके अतिरिक्त, एक खेल सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें समूहगत गतिविधियों ने बच्चों में टीम भावना, प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा दिया।

आश्रम से आई हुई प्रियादासी दीदी और अर्पिता दीदी की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने बच्चों की कक्षा ली और उन्हें आध्यात्मिक तथा नैतिक विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

समर कैंप 15 जून तक जारी रहेगा, जिसमें प्रतिदिन आध्यात्मिक, नैतिक, शारीरिक और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है।

इस आयोजन में संस्थान के अनेक समर्पित कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही, जिनमें प्रमुख रूप से संतोष मिश्रा, अशुतोष मिश्रा, नोकूराम सिन्हा, अंकित मिश्रा, महेश राजक, उमेश सिन्हा, शरद राजक, महेश महावर, उत्तम कोसरेया, हिना मिश्रा, प्रियंका मिश्रा, पिंकी सोनबर, आयुषी मिश्रा, सृष्टि शर्मा एवं तृप्ति सिन्हा शामिल हुए।

# कलेक्टर मिश्रा ने मोहेरा में लगाई चौपाल





- धरती आबा और पीएम जनमन के तहत कार्य विस्तार की संभावनाओं पर ग्रामीणों से बात की
- मारागांव भी पहुंचे, टूटे पुल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने मगरलोड विकासखण्ड के सीमावर्ती गांव मोहेरा पहुंचकर शासकीय योजनाओं, कार्यक्रम और विकास कार्यों की जमीनी हकीकत जानी। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव की मौजूदगी में कलेक्टर ने मोहेरा के विशेष पिछड़ी जनजाति के जोगनराम कमार और जोगलाल कमार के आंगन में चौपाल लगाई। उन्होंने यहां ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं और जरूरतों के बारे में जाना। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान श्री मिश्रा ने इस गांव में धरती आबा योजना और प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आने वाले समय में विकास कार्यों की आवश्यकता को सूचीबद्ध करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

अपने मोहेरा प्रवास के दौरान कलेक्टर ने जोगनराम कमार और जोगलाल कमार के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने पक्के मकानों का अवलोकन भी किया। उन्होंने दोनों हितग्राहियों को पक्के घर मिलने पर बधाई दी और गांव की जरूरतों के बारे में पूछा। ग्रामीणों ने बताया कि मोहेरा के स्कूल में शिक्षक की कमी थी। इसके साथ ही स्थानीय श्रद्धा के केन्द्र निरई माता मंदिर परिसर में मूलभूत सुविधाओं की भी कमी ग्रामीणों ने बताई। कलेक्टर ने ग्रामीणों को बताया कि स्कूल में युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों की पदस्थापना कर दी गई है। श्री मिश्रा ने निरई माता मंदिर परिसर में बिजली, पानी, मंदिर तक पहुंच मार्ग आदि के लिए सर्वे करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने मारागांव-चारगांव मार्ग पर टूटे पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने इस पुल के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। ग्रामीणों ने इस पुल का निर्माण जल्द से जल्द कराने की मांग की। श्री मिश्रा ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से पुल बनाने के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि इस पुल को बनाने के लिए मंडी बोर्ड को प्रस्ताव भेजा गया है। मंडी बोर्ड द्वारा कार्य की स्वीकृति मिलते ही पुल का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारी और प्राचार्यों की ली बैठक

# बोर्ड परीक्षा परिणाम आशानुरूप नहीं आने पर शिक्षकों पर तय होगी जिम्मेदारी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि बोर्ड परीक्षा परिणाम आशानुरूप नहीं आने पर अब शिक्षकों और प्राचार्यों पर जिम्मेदारी तय होगी। जिन स्कूलों के परिणाम कम आये हैं, उन स्कूलों के प्राचार्य इसके कारणों पर विचार करें और उनमें सुधार करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने आज शिक्षा विभाग के अधिकारियों और प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली। स्थानीय डॉ. शोभाराम देवांगन हायर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर ने कहा कि धमतरी जिले में अच्छे शिक्षक, बच्चे और जागरूक पालकगण हैं, जो बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान रखते है। उसके बाद भी जिले के 13 ऐसे स्कूल है, जिनमें 50 प्रतिशत से भी कम परिणाम आये है, जो सोचनीय है।

श्री मिश्रा ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में सुधार की आवश्यकता है, जो इस वर्ष आप सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों के परिणाम सुधारने हेतु मासिक, तिमाही और छमाही परीक्षा आयोजित कर अच्छी तैयारी करायें। आने वाले दिनों में इसी पर समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि आप सभी कक्षा के कमजोर बच्चों को अलग क्लास लेकर उनके स्तर में सुधार करें और मेधावी विद्यार्थियों को मेरिट में आने के अनुरूप तैयारी करायें। उन्होंने सभी प्राचार्यों से कहा कि स्वप्रेरणा और इच्छाशक्ति से कार्य करें तो स्कूल का परिणाम अच्छा लाया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि अन्य जिलों की अपेक्षा धमतरी जिले में ज्यादा बेहतर सुविधायें उपलब्ध है। इसका समुचित उपयोग करते हुए बच्चों की पढ़ाई पर फोकस करें। उन्होंने 16 जून को जिले के सभी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव की सभी तैयारियां पूरी करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दिन बच्चों को पाठ्यपुस्तक, गणवेश और बालिकाओं को सायकल वितरित करने को भी कहा।

कलेक्टर ने प्राचार्यों से कहा कि पीएमश्री स्कूलों की तर्ज पर अब हायर सेकेण्डरी स्कूलों में भी एक प्रतिस्पर्धा आयोजित की जायेगीं। इसमें सफाई, प्लांटेशन, कबाड़ से जुगाड़, शौचालयों की स्थिति, क्लास रूम की स्थिति पर मूल्यांकन किया जाएगा। इनमें प्रथम स्थान के स्कूल को 5 लाख, द्वितीय को 3 लाख और तृतीय को 2 लाख रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके साथ ही अन्य 10 बेहतर शालाओं को भी एक-एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। उन्होंने जिले में शिक्षकों व संस्थाओं द्वारा किये जा रहे अच्छे कार्यों की सराहना भी की।

बैठक में सीईओ जिपं ने कहा कि परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करना जरूरी है। इसके साथ ही बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने हेतु कुछ रोचक एक्टिविटीज का भी सहारा लिया जाना चाहिए। सीईओ ने कहा कि स्कूलों मे बिजली, पानी, शौचालय, भवन मरम्मत आदि के कार्यों को बारिश के पूर्व कर लें, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले ने शाला प्रवेशोत्सव संबंधी जानकारी व आगामी दिनों में परीक्षा परिणामों को बेहतर करने के संबंध में तैयार कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी।

# बाल्मिकी समाज के लिए महापौर ने 7 लाख रूपये की घोषणा की



- वर्तमान भवन के प्रथम तल पर नया भवन बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बाााल्मिकी समाज धमतरी के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने पूर्व पार्षद एवं समाज के प्रदेश अध्यक्ष संजय डागौर के नेतृत्व में महापौर रामू रोहरा से सौजन्य मुलाकात कर सामुदायिक भवन बनाने की मांग रखी। समाजजनों ने महापौर को अवगत कराया कि समाज की एकमात्र सामुदायिक भवन काफी पुराना एवं छोटा है। जिसकी वजह से उक्त भवन में कार्यक्रम आयोजित करने में परेशानी होती है। समाज भवन के विस्तार के लिए पूर्व घोषित 7 लाख रूपये की अनुदान राशि को अतिशीघ्र जारी किया जाए ताकि भवन के प्रथम तल में नया भवन बनाया जा सके। समाजजनों ने बताया कि समाज भवन के लिए महापौर से पूर्व में राशि की मांग की गई थी। महापौर ने 7 लाख रूपये देने की घोषणा की थी। महापौर को स्मरण दिलाने पश्चात श्री रोहरा ने तत्काल राशि जारी करने सहमति दी है। घोषणा के बाद समाजजनों ने महापौर को साधुवाद दिया। मौके पर समाज अध्यक्ष तिलक चौहान, अमित कछवाहा, संजय डागौर, अविनाश मारोठे, विकास लक्ष्मीनाथ आदिवार, विक्की बाल्मिकी, पवन कछवाहा आदि उपस्थित थे।

# भेंडरी में हुई भाजपा मंडल योजना की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल अंतर्गत मंडल योजना की बैठक ग्राम भेंडरी में संपन्न हुई।

मंडल प्रभारी श्याम साहू की उपस्थिति व कार्यक्रम के संयोजक होरी लाल साहू, सह संयोजक धर्मेन्द्र साहू, मंडल मेघा के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता के द्वारा अभियान के तहत मंडल कार्ययोजना बैठक हुआ। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम शामिल है मंडल, ग्राम, शक्तिकेंद्र, बूथ स्तर में किया जाना है। 15 जून विकसित भारत संकल्प सभा स्थान परसट्टी समय, 17 जून चौपाल ग्राम स्तर। आयुषमान कार्ड पंजीयन करना, हितग्राहियों से मिलकर छोटे वीडियो क्लिप बनाना, 21 जून योग दिवस ग्राम स्तर। एक जगह एकत्रित होकर योग करना,23 जून डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर एक पेड़ मां के नाम से वृक्षारोपण करना।

उक्त सूचना सभी ग्राम के प्रभारी, ग्राम स्तर बूथ स्तर के कार्यक्रम को संपन्न बनाने संकल्पित है।

इस अवसर मंडल महामंत्री प्रीत राम देवांगन, उपाध्यक्ष हृदय साहू, कोषाध्यक्ष संतोष सोनी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नूतन घृतलहरे, डागेश्वर सोनकर, चंद्रहास साहू, डेमू साहू, कृपा राम ध्रुव, जनपद सदस्य विनीता साहू, हेमलता देवांगन, सरपंच राजेश्वरी आनंद पटेल, खेमू साहू, देवचरण साहू, पेखन साहू, सोसायटी अध्यक्ष हेमंत साहू, रिखी साहू, योगेश टंडन, उपसरपंच भूषण यादव, संत शरण साहू, रोहित पटेल, बूथ अध्यक्ष शिव साहू, नेहरू साहू, आनंद पटेल, छबि लाल साहू, कामता साहू, शंकर साहू, रमेश देवांगन, राकेश जोशी, नीलकंठ जांगड़े पंच आई टी सेल एवं भाजपा कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

Pride of Dhamtari

॥ श्री शिवाय नमस्तुभ्यं ॥
नींव से निर्माण तक...
वास्तु एवं संरचना एसोसिएट्स
जय माँ चंडी कंसल्टेंसी एवं कंस्ट्रक्शन
Pro.- Er. Anurag Sahu
(सिविल इंजीनियर एवं आर्किटेक)
नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्र रजि.
8839477281
9000051163
बिल्डिंग डिजायनर, इंडस्ट्रियल एंड फाइनेंस हब, प्लानर, सर्वेयर (टोटल स्टेशन एवं डम्पी लेवल) फैक्ट्री एवं गोदाम के नक्शे
सुविधाएं - भवन के नक्शे, स्टीमेट एवं बिल (लोन), साईड सर्वेक्षण, डायवर्सन के नक्शे, साईड सुपर विजन, टाऊन एवं प्लाटिंग के नक्शे, फैक्ट्री एवं गोदाम के नक्शे, सिविल संबंधित सम्पूर्ण कार्य
False Ceiling & Wallpaper, Tiles & Putty Painting Sanitary, Flushed Door, Electric Fitting Plumbing, Modular Kitchen & Fabrication (Steel, Aluminium)
कार्यालय - पुराना बस स्टैंड, अनुराधा स्वीट्स के पास वार्ड क्र.10 कुरूद
नोट:- वास्तुनुसार भवन/ प्लाट आदि के नक्शे नगर पालिका/ नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्र से नक्शा पास, 3D एलिवेशन, विथ मैटीरियल भवन निर्माण

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### यादव समाज के नियमावली का विमोचन होगा आज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ अहिर कोसरिया यादव समाज के नियमावली का विमोचन आज 15 जून रविवार को पुराने कम्युनिटी हॉल में किया जाएगा। भगवान श्री कृष्ण की आरती के साथ कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ होगा व सामाजिक विचारों के चर्चा के साथ सामाजिक नियमावली पुस्तक का विमोचन किया जाएगा, जिसे प्रत्येक ग्राम, गांव व वार्ड के यादव परिवार तक सभी के घर में नियमावली पुस्तक पहुंचे इस बारे में सभी को अवगत कराया जाएगा। प्रत्येक परिवार में नियमावली पहुंचने से सभी को समाज के संस्कृति संस्कार की जानकारी होगी और मनमानी करने वालो पर रोक लगेगी एवं सभी को नियम अनुशासन कि जानकारी होगी व समाज में सभी कि भागीदारी होगी।

### कांग्रेसियों ने ईडी का फूंका पुतला

**कांकेर।** कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के इशारे पर ईडी द्वारा जिला मुख्यालय सुकमा स्थित राजीव भवन को अटैच किए जाने के विरोध में 14 जून शनिवार को शाम 4 बजे ऊपर नीचे रोड के पास भाजपा सरकार एवं ईडी का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। ईडी द्वारा कि गई कार्यवाही को दुर्भावना पूर्ण बताया।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 17 को

**कांकेर।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ का जिला स्तरीय बैठक 17 जून को रखी गई है। बैठक में तहसील अध्यक्ष अपने समिति के कोषाध्यक्ष एवं सचिव को साथ लेकर बैठक में उपस्थित होंगे। बैठक का आयोजन अलबेलापारा कांकेर के तहसील अध्यक्ष प्रहलाद नायक के निवास में किया गया है।

### दोपहर में हुई हल्की बारिश ने दिलाई गर्मी से मिली राहत

**कांकेर।** दोपहर के बाद मौसम अचानक बदल गया व ठंडी हवा चलने लगी। शहर में तेज हवाओं का प्रकोप देखने को नही मिला।

**मामला : सुकमा स्थित राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय को ईडी द्वारा अटैच का**

# आक्रोशित कांग्रेसियों ने भाजपा और ईडी का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने शराब घोटाले पर हुई कार्रवाई के दौरान सुकमा स्थित राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय को भी अटैच कर लिया है जिससे पूरे प्रदेश के कांग्रेसी कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए हैं। धमतरी में भी शनिवार को दोपहर 1 बजे गांधी मैदान में कांग्रेसियों ने भाजपा और ईडी के खिलाफ खूब नारेबाजी की तथा प्रतीकात्मक रूप से दोनों का पुतला फूंका। कांग्रेसियों ने विरोध करते हुए कहा कि ईडी अब भाजपा के अनुषांगिक संगठन की तरह काम कर रहा है। कांग्रेसी भाजपा और ईडी का पुतला लेकर कांग्रेस भवन से नारेबाजी करते हुए बाहर निकले।



गांधी मैदान पहुंचकर गोल घेरा बनाया और दोनों का पुतला दहन किया। पुतला दहन से पहले पुलिस के साथ कांग्रेसियों की जमकर झूमाझटकी हुई। पुलिस ने रोकने का भरसक प्रयास किया लेकिन कांग्रेसी पुतला जलाने में सफल हो गए। इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा के इशारे पर केन्द्रीय एजेंसियां काम कर रही हैं। अपनी सीमाएं लांघ रही हैं।

कांग्रेसियों ने आगे कहा कि ईडी ने सुकमा स्थित कांग्रेस कार्यालय और पूर्व मंत्री कवासी लखमा के परिजनों की संपत्ति अटैच कर लिया है। यह बेहद आपत्तिजनक है। ईडी की कार्रवाई राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा है। कांग्रेस कार्यालय के लिए फंड कहां से आया। एक-एक पैसे का हिसाब कांग्रेस पार्टी दे सकती है। कांग्रेस ने आम जनता के सहयोग से कांग्रेस भवन बनाया है। भाजपा के इशारे पर ईडी ने कवासी लखमा की संपत्ति और कांग्रेस भवन को अटैच कर लिया जिसका हम घोर विरोध करते हैं। अगर ईडी में साहस है तो वह भाजपा के 150 करोड़ रूपये की लागत से बने प्रदेश भाजपा कार्यालय की जांच करे। भाजपा के एकात्म परिसर व्यवसायिक काम्पलेक्स की जांच करे। दिल्ली में आरएसएस ने 500 करोड़ रूपये की लागत से भवन बनाया, उसकी जांच करें। भाजपा और ईडी आदिवासी नेताओं को परेशान कर रही है। ईडी की कार्यप्रणाली संदेह के दायरे में है।

इस दौरान जिला अध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू, मोहन लालवानी, पंकज महावर, विजय देवांगन, आकाश गोलछा, नरेन्द्र सोनवानी, राजा देवांगन, शकील अहमद, दीपक सोनकर, विशु देवांगन, प्रकाश पवार, शास्त्री सोनवानी, उदित साहू, गुरूगोपाल गोस्वामी, ऋषभ ठाकुर, चितेन्द्र साहू, सोमेश मेश्राम, प्रवीण नामदेव, अजय वर्मा, आशुतोष खरे, यश राजपूत, सूरज पासवान, रजत सोनकर, देवेन्द्र देवांगन, संजु साहू, अविनाश मरोठे, वातांजलि गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

# करेली छोटी का ड्रेनेज सिस्टम, चौड़ी सड़कें, बिजली-पानी की सप्लाई व्यवस्थित तरीके से

**धमतरी।** प्रदेश के सबसे व्यवस्थित माने जाने वाले जिले के मगरलोड विकासखण्ड के करेली छोटी गांव पहुंचकर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने गांव की बसाहट, बिजली-पानी, सड़क जैसी व्यवस्थित मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर ने 1942 के गांव के सेटलमेंट प्लान का भी अवलोकन किया और आश्चर्य जताया कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के गठन के पहले से ही इस तरह की योजना से गांव को बसाया गया है। अपने दौरे पर कलेक्टर ने करेली छोटी के निवासियों से भी बात की। ग्रामवासियों ने गांव में मिनी स्टेडियम बनाने की मांग कलेक्टर से की। श्री मिश्रा ने ग्रामीणों की मांग से शासन को अवगत कराने और उसकी स्वीकृति के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजने का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने जिले के इस गांव को देश-विदेश में पहचान दिलाने के लिए भी प्रयास करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस गांव की खूबियों के लिए इसे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत कराने नामांकित भी किया जाएगा। उन्होंने गांव में छोटे उद्योग लगाकर रोजगारमूलक गतिविधियों को बढ़ाने की योजना के बारे में भी बताया। इस अवसर पर सीईओ जिपं श्रीमती रोमा श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं। उल्लेखनीय है कि ग्राम करेली छोटी धमतरी ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश का सबसे व्यवस्थित बसाहट वाला गांव है। यह बड़े शहरों की तर्ज पर सेक्टरों में बंटा है। गांव में ड्रेनेज सिस्टम, चौड़ी सड़कें, बिजली-पानी की सप्लाई सभी व्यवस्थित तरीके से की गई हैं। ग्रामीण बताते हैं कि पहले महानदी के तट पर बसा यह गांव हर साल बरसात में बाढ़ के कारण डूब जाता था, था। तत्कालीन मालगुजार पवन कल्याण ने गांव को सुरक्षित जगह बसाने के लिए पास ही लगभग 36 एकड़ प्लाट का चिन्हांकन किया। उस समय तत्कालीन मालगुजार ने भोपाल से इंजीनियर बुलाकर गांव का मास्टर प्लान बनवाया। गांव में स्कूल, खेल मैदान, मंदिर, राशन दुकान, सार्वजनिक स्थल, श्मशान घाट के लिए जगह चिन्हांकित की गई। 40-40 फीट चौड़ी रोड, 20 फीट की नाली, ड्रेनेज सिस्टम के लिए जगह छोड़ी गई। उस समय जिस परिवार में जितने बेटे थे, उतने प्लॉट आवंटित किये गये। 1952 के बनाए नियम-नीति को करेली छोटी के ग्रामीण आज भी बखूबी निभा रहे हैं।

# 196 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प 16 को

- कम्पोजिट बिल्डिंग, कलेक्टोरेट परिसर में होगा आयोजन
- मैनेजर, सुपरवाईजर, सर्वेयर, बीमा सखी, ग्रामीण और शहरी अभिकर्ता जैसे पदों पर होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कम्पोजिट बिल्डिंग, कलेक्टोरेट परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 16 जून को किया जाएगा। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक चलने वाले इस कैम्प में धमतरी और रायपुर के निजी संस्थाओं द्वारा 196 पदों पर भर्तियां की जाएंगी। चयनित युवाओं को 12 हजार से 23 हजार रूपये मासिक वेतन मिलेगा

प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से जिला प्रबंधक, सेल्स ऑफिसर, सिक्यूरिटी गार्ड, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर, स्मार्ट मीटर टेक्निशियन, स्मार्ट मीटर ऑपरेटर, एल्यूमीनियम विंडो इंस्टालर और विंडो असेम्बलर जैसे पदों पर भर्तियां की जाएंगी। दसवीं, बाहरवीं पास से लेकर आईटीआई, ग्रेजुएट युवा इस कैंप में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को अपने सभी शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता संबंधी दस्तावेज, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट साईज फोटो प्रस्तुत करने होंगे।

जिला रोजगार अधिकारी अधिकारी ने बताया कि एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस धमतरी द्वारा जिला प्रबंधक के 5, सेल्स ऑफिसर के 3, स्टार बाउंसर्स सेक्यूरिटी एजेंसी धमतरी द्वारा सेक्यूरिटी गार्ड के 8, रूद्रा एंटरप्रायजेस रायपुर शंकर नगर द्वारा स्मार्ट मीटर टेक्निशियन और स्मार्ट मीटर ऑपरेटर के 50-50, एल्यूमिनियम विंडो इंस्टालर और एल्यूमिनियम विंडो असेंम्बलर के 10-10 तथा बॉम्बे इंटीग्रेटेड सेक्यूरिटी इंडिया लिमिटेड रायपुर द्वारा सेक्यूरिटी गार्ड के 50 और सेक्यूरिट सुपरवाईजर के 10 पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिला प्रबंधक और सेल्स ऑफिसर की पोस्टिंग धमतरी में, सेक्यूरिटी गार्ड की पोस्टिंग रायपुर-सिलतरा स्टील प्लांट तथा रायपुर, भिलाई और दुर्ग में की जाएगी। इसी की तरह स्मार्ट मीटर टेक्निशियन, स्मार्ट मीटर ऑपरेटर की पोस्टिंग रायपुर, धमतरी, एल्यूमिनियम विंडो इंस्टालर, एल्यूमिनियम विंडो असेंबलर की रायपुर तथा सेक्यूरिटी सुपरवाईजन की रायपुर, भिलाई और दुर्ग में पोस्टिंग की जाएगी।

# पार्षद दे रहे 1000 की सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

छत्तीसगढ़ सरकार तरह-तरह की योजनाएं चला रही हैं जिसमें मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना श्रद्धांजलि योजना महतारी वंदन योजना और भी कई अन्य तरह की योजनाएं शामिल हैं।

नगरी नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद नरेश पटेल सब्जी व्यापारी हैं। उन्होंने नगर पंचायत चुनाव के दौरान अपने वार्ड वासियों से वादा किया था कि अगर आप मुझे पार्षद चुनते हैं तो उनके द्वारा किसी भी वैवाहिक कार्यक्रम, जन्मोत्सव कार्यक्रम, शोक कार्यक्रम में अपनी तरफ से1000 रूपए की राशि देंगे। पार्षद बनते ही उन्होंने स्वयं की योजना जिसका नाम सेवा ही धर्म योजना बताते हुए चालू कर दिया है।



पार्षद नरेश पटेल बताते हैं कि सरकार किसी भी गरीब व्यक्ति के निधन उपरांत 2000रू की सहायता राशि श्रद्धांजलि योजना के अंतर्गत देती है और मैं अपनी स्वयं के तरफ से 1000 रु की सहायता राशि उस शोक संतप्त परिवार को देता हूं। जिससे मुझे उस परिवार के साथ दुख की घड़ी में खड़े होने का अवसर भी मिलता है और मुझे आत्मीय संतुष्टि भी मिलती है कि मैं किसी जरूरतमंद के काम आ पाया। वैसे ही किसी भी गरीब कन्या का विवाह हो या किसी के यहां कोई शिशु जन्म ले और जन्म उत्सव कार्यक्रम हो तो मेरे द्वारा वहां भी 1000रू की सहायता राशि दी जाती है जिसे मैं अनवरत जब तक पार्षद रहूंगा करता रहूंगा।

कल नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 04 के गीता बाई यादव पति मुरारी यादव के मृत्यु पर पुत्र दीपक यादव को नगर पंचायत की ओर से श्रद्धाजंलि राशि 2000 रुपए और पार्षद नरेश पटेल की ओर से 1000 रुपए सहयोग राशि प्रदान किया गया। पार्षद नरेश पटेल की सेवा ही धर्म योजना का पूरे नगरी नगर में प्रशंसा हो रही है।

### जिला स्तरीय खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन नपं आमदी में उत्साह से संपन्न

**धमतरी।** धमतरी जिले के आमदी नगर पंचायत में जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि धमतरी विधायक ओंकार साहू ने शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना और उनकी प्रतिभा को निखारना है। उन्होंने कहा शिविर में विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण दिए गए, जिससे प्रतिभागियों को अपने कौशल में सुधार करने का अवसर मिला।

# आत्म स्वाभिमान का गौरव जागृत करने का काम मोदी ने किया है : अजय

- भाजपा ने रामपुर व भाठागांव में आयोजित किया संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भाजपा पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 11 साल बेमिसाल संकल्प से सिद्धि पखवाड़ा कार्यक्रम मना रही है। इसी कड़ी में शनिवार को कुरुद विधानसभा के ग्राम रामपुर व भाठागांव में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता विधायक अजय चंद्राकर ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इससे पूर्व अहमदाबाद हवाई दुर्घटना में मृत लोगों को मौन श्रद्धांजलि दी गई।

विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि आजादी के बाद प्रधानमंत्री मोदी ही एक ऐसे प्रधानमंत्री बने जिन्होंने चुनौतियों को स्वीकार किया और तमाम कठिनाइयों को लांघते हुए विकसित भारत के संकल्प का बीड़ा उठाया। भारत की बुनियादी सुविधाएं मजबूत करने के साथ आत्म स्वाभिमान का गौरव जागृत करने का काम मोदी ने किया है। आज हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर दुनिया की सबसे समृद्ध और विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने बताया कि मोदी के नेतृत्व में देश के 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं। 80 करोड़ लोगों को 2029 तक मुफ्त खाद्यान्न दिया जा रहा है। हर घर को शौचालय, हर महिला को उज्ज्वला के साथ 3 करोड़ से ऊपर को पीएम आवास दिया है। मोदीजी के नेतृत्व में देश की अंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा मजबूत हो रही है। पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। वहीं 2026 मार्च तक छत्तीसगढ़ भी नक्सलमुक्त हो जायेगा।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश जैन, जिपं सभापति पूजा सिन्हा, जनपद सभापति सिंधु बैस, आनंद यदु, भाजपा नेतागण निरंजन सिन्हा, मालकराम साहू, तिलोक जैन, पंकज सिन्हा, हरख जैन, भीम साहू, हरिशंकर सोनवानी, जपं सदस्य एवन साहू, रेखा साहू, डिकेश्वरी देवांगन, दिनेश्वरी साहू, मंडल अध्यक्ष भखारा रवि सिन्हा, कुरुद कृष्णकांत साहू, टिकेश साहू, रामगोपाल देवांगन, गौतम जैन, रमेश निषाद, पुरुषोत्तम सिन्हा, रामस्वरूप साहू, विष्णु साहू, गौतम जैन, आदर्श चंद्राकर, थानेश्वर साहू, चोवाराम साहू, कुलेश्वर चंद्राकर, भोलाराम साहू, हरीश चंद्राकर, छत्रपाल बैस, हिमांशु साहू, सरपंच पुष्पलता साहू समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र के भजापाई उपस्थित थे।







### मोदीजी का संकल्प से सिद्धि कुरुद में भी दिखता है

अजय चंद्राकर ने कहा कि भाजपा विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण की सोच को लेकर आगे बढ़ रही है। जिसमें किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम, महिलाओं को महतारी वंदन, हर घर शौचालय, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड से इलाज, हर घर नल, मुफ्त अनाज, उज्ज्वला योजना से गरीबों का मान बढ़ाने का काम किया है। मोदी के विकसित भारत का संकल्प गांव से होकर गुजरा, एडीबी सड़कें, कुरुद से होकर गुजरी फोर लेन सड़क, बड़ी रेललाइन, केंद्रीय विद्यालय की स्थापना, एम्स की शाखा, भारतमाला के तहत बन रही विशाखापत्तनम के लिए सिक्सलेन सड़क व नई शिक्षा नीति के चलते कुरुद में खुल रही चारवर्षीय बीएड कॉलेज से सिद्ध होती दिख रही है।

### संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम मात्र नहीं बल्कि प्रण है

संकल्प से सिद्धि केवल केंद्र सरकार का कार्यक्रम मात्र नहीं अपितु यह भारत के जन जीवन को सुव्यवस्थित करने का प्रण है। जिसमें उत्तम शिक्षा हो, बेहतर स्वास्थ्य हो, जन सुविधाओं का विस्तार हो, उत्तम आंतरिक और बाह्य सुरक्षा निर्धारित हो। वैश्विक रूप से भारत का गहरा प्रभाव रहे। विश्व गुरु के रूप में पूरे विश्व का मजबूत नेतृत्व भारत के हाथ में हो। यदि एक पंक्ति में कहा जाए तो भारत में राम राज्य की स्थापना ही संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का मकसद है। यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से सीख कर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी अपना योगदान देकर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं और यही संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का मूल ध्येय है।

# गीतेश्वरी साहू की अध्यक्षता में हुई सामान्य प्रशासन की बैठक

- वर्षा पूर्व बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जनपद पंचायत कुरुद की सामान्य प्रशासन की बैठक जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमति गीतेश्वरी हेमन्त साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें सभी विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग के विभागीय गतिविधि के संबंध में जानकारी दिये।

जनपद पंचायत की सभाकक्ष में आयोजित सामान्य प्रशासन की बैठक में जनपद अध्यक्ष श्रीमती साहू ने विकासखण्ड स्तर पर चल रहे निर्माण कार्यों को निधारित समय-सीमा पर पूर्ण करने को कहा। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से अगामी बैठक में विभागवार कार्यों की जानकारी को फोल्डर बनाकर बैठक के पूर्व देने हेतु सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनपद उपाध्यक्ष सतीश जैन एवं अन्य विभाग के सभापतियों ने केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्वीकृत कार्यों को समयावधि में पूरा करने तथा वर्षा पूर्व बुनियादी सुविधाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए।



बैठक में विभिन्न विभागों के लिए संकल्प पारित : सामान्य प्रशासन की बैठक में सहकारिता विभाग को उचित समय में डीएपी खाद उपलब्ध कराने, कृषि विभाग को धान के अलावा अन्य नगदी एवं औषधि फसलों के बारे किसानों को जानकारी देने, पीडब्ल्यूडी विभाग को जर्जर सड़कों की बारिश पूर्व मरम्मत करने। विद्युत विभाग को मुफ्त बिजली योजना, वन विभाग को नीलगिरी एवं सागौन पौधे की किसानों को निःशुल्क वितरण करने, महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत जनपद क्षेत्र अंतर्गत रिक्त 11 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 15 सहायिकाओं के नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी करने। शिक्षा विभाग को स्कूली छात्र-छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र बनाने पालकों तक सूचना पहुंचाने तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी कक्ष एवं आवास को मरमत करवाने का संकल्प पारित किया गया।

बैठक में सीईओ अमित सेन, सभापति आनंद यदु, एवन साहू, सिन्धु बैस, चन्द्रशेखर साहू, महेश ध्रुव, शकुन्तला देवांगन एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**न्यायालय-तहसीलदार भखारा जिला धमतरी छ.ग.**

**// उदघोषणा //**

क्रमांक / / तह. /2025 भखारा दिनांक 12/6/2025

न्यायालयीन राजस्व प्रकरण क्रमांक 202506132300031/अ-6 वर्ष 2024-25 आवेदक कैलाश राम पिता पुनउराम जाति तेली निवासी ग्राम थुहा तहसील भखारा द्वारा संहिता की धारा 109, 110 में तहत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम थुहा स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 984/1, 985/2 रकबा क्रमशः 0.10, 0.08 हे. राजस्व अभिलेख में दीपक पिता कैलाश राम के नाम पर दर्ज है। भूमि स्वामी दीपक पिता कैलाश राम का अविवाहित अवस्था में दिनांक 29/11/2024 को निःसंतान मृत्यु हो गई है। उक्त भूमि आवेदक कैलाश द्वारा अपने पुत्र दीपक के नाम पर क्रय किया गया भूमि है। आवेदक उक्त भूमि पर से मृतक भूमि स्वामी दीपक का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर अपना नाम फौती नामांतरण से दर्ज किये जाने आवेदन पत्र मय मृत्यु अभिलेखों की नकल सहित प्रस्तुत किया है।

अतः एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक के आवेदन पत्र के सबंध में जिसकी व्यक्ति या हित बद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 23/6/2025 के पूर्व स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं।

**तहसीलदार**
**भखारा**

# भारतीय बौद्ध महासभा एवं अनुसूचित संयुक्त मोर्चा ने देखी फिल्म फुले

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले की भारतीय बौद्ध महासभा एवं अनुसूचित संयुक्त मोर्चा द्वारा संयुक्त रूप से शनिवार को प्रशांत टॉकिज धमतरी में सामाजिक चेतना से परिपूर्ण फिल्म फुले का प्रदर्शन किया गया। समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से यह फिल्म देखी। समाजजनों बताया कि यह फिल्म भारत के महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले एवं उनकी धर्मपत्नी सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित है। फिल्म में दर्शाया गया है कि कैसे फुले दंपति ने उन्नीसवीं सदी में जातिवाद, बालविवाह, छुआछूत और स्त्री शिक्षा जैसे मुद्दों के विरुद्ध संघर्ष किया और शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया।फिल्म समाज को यह संदेश देती है कि यदि संकल्प और साहस हो तो सामाजिक कुरीतियों को जड़ से मिटाया जा सकता है। यह फिल्म केवल इतिहास नहीं, बल्कि वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणा है कि शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए आज भी निरंतर प्रयास की आवश्यकता है। फिल्म को देखने के पश्चात जनसमुदाय ने इसके भावनात्मक एवं वैचारिक पक्ष की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के लोगों ने अपने ऐतिहासिक नायकों के योगदान को समझा और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।



# दुगली-सिंगपुर मार्ग की मरम्मत शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

मेघा सिंगपुर दुगली मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था । विगत दिनों जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने मगरलोड क्षेत्र के भ्रमण पर आए थे।

इस दौरान ग्रामीणजनों की मांग पर उन्होंने सिंगपुर दुगली के गड्ढों को भरने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए थे। इसके परिपालन में लोक निर्माण विभाग ने तत्काल डब्लूएमएम पैंच कार्य शुरू किया है। सड़क की मरम्मत होने से ग्रामवासियों को काफ़ी राहत मिलेगी साथ ही विभाग ने 24.20 किलोमीटर के जिस भाग का चौड़ीकरण नहीं हो पाया है, उस भाग के मजबूतीकरण एवं डामरीकरण के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन प्रशासन को भेजा गया है।



## अंचल की खबरें

### सेजेस कंडेल को मिला प्रथम पुरस्कार



**धमतरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा 2024-25 में विकासखंड स्तर पर पर प्रथम आने के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल को टीम विनोबा ऐप धमतरी द्वारा सम्मानित किया गया। बीआरसी कार्यालय में ललित सिन्हा बीआरसीसी, गेवाराम नेताम प्राचार्य बिरेतरा, सोनू माली जिला समन्वयक विनोबा ऐप धमतरी ने प्राचार्य राहुल नेताम को विनोबा किट प्रदान कर सम्मानित किया। संस्था की इस उपलब्धि पर डीईओ टीआर जगदल्ले, भवन जैन डीएमसी, डीके सूर्यवंशी एडीपीओ, अमित तिवारी बीईओ धमतरी, रविकांत साहू अध्यक्ष एसएमडीसी, गिरधर सार्वा सरपंच कंडेल, नारायण साहू, योगेश्वर साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

### गंगाबाई को मिला राहत का आशियाना



**धमतरी।** नगर के विंध्यवासिनी वार्ड निवासी मां गंगाबाई पिछले कई वर्षों से आवास की समस्या से जूझ रही थीं। कई बार आवेदन देने के बाद भी उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया था। जब यह मामला महापौर रामू रोहरा के संज्ञान में आया तो उन्होंने तुरंत अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच करवाई और पात्रता सुनिश्चित होने पर तत्काल योजना के तहत लाभ दिलाया। महापौर ने मौके पर कहा कि हर नागरिक को सिर पर छत मिलना उसका अधिकार है और हमारी जिम्मेदारी है कि पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे। मां गंगाबाई की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए जब उन्हें बताया गया कि जल्द ही उन्हें आवास योजना के अंतर्गत घर मिल जाएगा। इस कार्य के लिए उन्होंने महापौर श्री रोहरा के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आंगनबाड़ी केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का लिया जायजा



**धमतरी।** महिला एवं बाल विकास निगम सभापति श्रीमती विभा चंद्राकर ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के पोषण, स्वच्छता, शिक्षा और केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की नींव हैं। इन केंद्रों की भूमिका पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और मातृ-शिशु देखभाल में महत्वपूर्ण है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि हमारे बच्चे स्वस्थ, सुरक्षित और शिक्षित भविष्य की ओर बढ़ सकें। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी प्रोत्साहित किया और कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में उनकी भूमिका सराहनीय है। साथ ही उन्होंने केंद्र में आवश्यक सुधारों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### विवेकानंद वार्ड में नाली निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**धमतरी।** विवेकानंद वार्ड में वर्षों से लंबित नाली निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा व विशेष अतिथि पार्षद श्रीमती विभा चंद्राकर थीं। इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि स्वच्छ, स्वस्थ और सुव्यवस्थित धमतरी हमारा लक्ष्य है। शहर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाएं सुदृढ़ हों, यही हमारी प्राथमिकता है। नाली निर्माण से वार्डवासियों को जलभराव, गंदगी एवं बीमारियों की समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। पार्षद श्रीमती विभा चंद्राकर ने कहा कि यह वार्डवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी। महापौर रामू रोहरा के मार्गदर्शन और सहयोग से आज यह सपना साकार हो रहा है। उन्होंने निगम प्रशासन और सभी अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया। स्थानीय नागरिकों ने इस विकास कार्य की शुरुआत पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजनाओं से वार्ड में स्वच्छता, स्वास्थ्य और सौंदर्य में निश्चित रूप से सुधार आएगा। इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष विजय साहू, सदर दक्षिण पार्षद श्रीमती अनीता अग्रवाल, निगम के इंजीनियर, अधिकारियों सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जीवन में समय का बड़ा महत्व, कद्र करें : संत लोकेश



**धमतरी।** चालीहा महोत्सव के 22 वें दिन गुजराती कालोनी निवासी सूरज आहूजा के परिवार द्वारा सत्संग एवं चालीसा पाठ का आयोजन श्री प्रेमप्रकाश आश्रम परिसर में किया गया।



गुरुभक्तों ने उत्साह से भाग लिया। आश्रम के संत लोकेशकुमार नेबताया कि सत नाम साक्षी मंत्र का जाप करने से सभी कष्ट दूर होंगे। आपके जीवन में आनन्द भर जाएगा । अपने जीवन में समय की कीमत को समझें। जीने के लिए जल एवं अन्न का महत्व है। अन्न बचेगा तो जीवन बचेगा। जल एवं अन्न से चलने वाले जीवन में समय का बहुत महत्व होता है क्योंकि हर जीव का जीवन एक निश्चित समय तक है। जीवन में मौत कभी भी आ सकती है। इसलिए समय का कद्र करें। इसे निंदा चोरी चुगली में समाप्त नहीं करें बल्कि प्रभु के सिमरन में परोपकार में लगाकर समय को सफल करें। कार्यक्रम के समापन पर सभी को आचार्यश्री का प्रसाद ढोढा चटनी खिलाकर मैंगो जूस पिलाया गया। मौके पर बब्बू राजवानी, चिराग वाधवानी, आकाश ओतवानी, अरविंद, अज्जू वाधवानी, श्रेया वाधवानी, मनोहरलाल वाधवानी, उज्ज्वल नोतवानी समेत अन्य मौजूद थे।

---

**विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला अस्पताल में लगा शिविर**

# रक्तदान करने दिव्यांग सहित युवाओं ने दिखाया उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जरूरतमंदों के लिए ब्लड देने के लिए दिव्यांग सहित युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ रक्तदान किया। वहीं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को रक्त की महत्ता बताते हुए रक्तदान करने जागरुक किया गया।

भारत में प्रत्येक वर्ष लाखों यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है, लेकिन रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता की कमी के कारण इसकी आवश्यकता पूरी नहीं हो पाती। एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान जरूरतमंदों की जिंदगी बचा सकता है। इसे देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संघ द्वारा 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है जिसका उद्देश्य सुरक्षित रक्त, रक्त उत्पादों की आवश्यकता के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना व रक्तदाताओं को प्रोत्साहन करना है। इसी क्रम में 14 जून शनिवार को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा व सीएमएचओ यूएल कौशिक के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में युवा सहित अन्य लोगों ने निःस्वार्थ भाव से अपना रक्त जरूरतमंदों के लिए डोनेट किया। शिविर में लगभग 40 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया था। दोपहर तक 20 लोग शिविर में पहुंच रक्तदान कर चुके थे। यह शिविर शाम तक जारी रहा। इसी तरह रेडक्रास द्वारा मगरलोड में भी रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान के साथ अस्पताल परिसर में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया गया।

#### दिव्यांग ने रक्तदान कर दिया संदेश

पं.श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी दिव्यांग सुनील शाह अजीम प्रेमजी स्कूल शंकरदाह में पदस्थ हैं। वह दोनों पैर से दिव्यांग हैं। रेडक्रास सोसायटी के आकाशगिरी गोस्वामी से जुड़े होने के कारण सामाजिक सेवा कार्यों में योगदान देता आ रहा है। लंबे समय से उनकी रक्तदान करने की इच्छा थी, लेकिन डाक्टर द्वारा मना करने के कारण रक्तदान नहीं कर पाया। लेकिन इस बार विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान कर आत्मिक शांति महसूस कर रहा है। उन्होंने लोगों से रक्तदान करने की अपील की है।

इस दौरान रक्तदान सोसायटी के चेयरपर्सन डा. प्राप्ति वाशानी, वाईस चेयरपर्सन शिवा प्रधान, जिला संगठक आकाशगिरी गोस्वामी, प्रदीप साहू, गणेशराम साहू, हेमराज सोनी, डा.सरिता दोशी, शेषनारायण गजेंद्र, गोविंद गांधी, गुरुशरण साहू, औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष राजेश साहू, इनरव्हील क्लब अध्यक्ष माला महावर, सुनील साहू, गगन कुंभकार, सिविल सर्जन डा.अरूण टोण्डर, डीपीएम डा. प्रिया कंवर, पैथालाजिस्ट डा.आदित्य सिन्हा, काउंसलर पूजा गायकवाड, टेक्नीशियन बीके वर्मा, स्टाफ नर्स साक्षी लाल व अर्चना साहू तथा नर्सिंग छात्राएं मौजूद थीं।

#### शिवा ने किया 39वीं बार रक्तदान

रेडक्रास सोसायटी के वाईस चेयरपर्सन व समाजसेवी शिवा प्रधान रक्तदान संस्था के माध्यम से निःशुल्क एम्बुलेंस का संचालन कर घायलों को उपचार पहुंचा उनके जीवन की रक्षा करने में अपना योगदान देते हैं। इसी तरह जरूरतमंद मरीजों को भी रक्तदाताओं के माध्यम से ब्लड उपलब्ध कराते हैं। आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान करने में पीछे नहीं रहते। शिवा प्रधान ने विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान कर 39वीं बार रक्तदान करने के आंकड़े को छू लिया है।

#### इन रक्तवीरों ने किया रक्तदान

विश्व रक्तदान दिवस पर आयोजित शिविर में रक्तवीर डोमेश्वर साहू, हरीश, दीपक चांडक, गिरधर साहू, खुमेंद्र साहू, आकाशगिरी गोस्वामी, परदेश निषाद, हिमांशु साहू, सुनीलकुमार, बलवीर गुप्ता, राम सिंह, कुलेश्वर साहू, पवन दिली, शेषनारायण, गणेश्वर, मनोहर सहित अन्य ने रक्तदान किया है।

---

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने किया अर्धनग्न प्रदर्शन

■ पुलिस पर लगाया मारपीट करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शुक्रवार की रात्रि एनएसयूआई ने पुलिस पर बेवजह मारपीट करने का आरोप लगा कोतवाली के सामने अर्धनग्न प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। शहर में क्राइम को कंट्रोल करने पुलिस पेट्रोलिंग कर संदिग्ध व सुनसान स्थलों में पहुंच जमावड़ा करने वाले, अड्डेबाज सहित असामाजिक तत्वों को खदेड़ने सहित देर रात्रि घूमने वालों पर कार्रवाई कर रही है। पेट्रोलिंग करते पुलिस की टीम शुक्रवार की रात्रि मकई चौपाटी पहुंची थी। यहां मकेश्वर वार्ड निवासी एनएसयूआई के उपाध्यक्ष नमन बंजारे अपने मोहल्ले में कुछ लोगों के साथ बैठा था। नमन ने बताया कि मोहल्ले के एक युवक ने काम से लौटते समय पी ली थी जिसके कारण वह उल्टी कर रहा था। उसे घर छोड़ने के लिए जाने वाले थे। इसी दौरान कोतवाली प्रभारी व पुलिस की टीम पेट्रोलिंग करने मकई चौपाटी पहुंची। जहां उपाध्यक्ष नमन को घर जाने के लिए कहा पर नमन ने साथी को साथ लेकर उसके घर पहुंचाने की बात कही। तभी एक आरक्षक साथियों से मारपीट करते हुए उसे भी मार दिया। घटना रात्रि 9.30 बजे की है। पुलिस की इस तरह बेवजह की गई मारपीट से आक्रोशित एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, पीड़ित उपाध्यक्ष नमन बंजारे सहित कई कार्यकर्ता रात्रि में ही कोतवाली पहुंच अर्धनग्न प्रदर्शन कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषी पर कार्रवाई की मांग करने लगे। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष की समझाइश के बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष राजा देवांगन ने मीडिया को बताया कि धमतरी में पुलिस की जो कार्रवाई चल रही है, वह निदंनीय है। शुक्रवार की रात्रि मकई गार्डन में बैठे एनएसयूआई के दलित कार्यकर्ता के साथ पुलिस ने हाथापाई की है।

#### जांच जारी : एएसपी

एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने मीडिया को बताया कि जिले में अपराध की घटनाओं को देखते हुए बाइक पेट्रोलिंग की जा रही है। शुक्रवार को भी अलग-अलग जगहों पर पेट्रोलिंग की जा रही थी। उनके संज्ञान में यह आया है कि एनएसयूआई के पदाधिकारी के साथ बदतमीजी की गई है। इस संबंध में जांच की जा रही है। एएसपी ने सभी राजनीति व सामाजिक संगठनों से अपील की है कि जहां पर अड्डेबाजी होती है वहां पर न रहे। पुलिस का सहयोग करें।

## पार्षदों की बैठक में भेदभाव रहित पारदर्शी व्यवस्था अपनाने पर दिया गया जोर

■ अतिक्रमण विरोधी अभियान एवं अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



कुरुद नगर में चल रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान एवं अन्य मुद्दों को लेकर नगर पंचायत परिषद का विशेष बैठक हुई जिसमें नगर हित के विषय पर दोनों ही दल के पार्षदों ने अपनी राय रखते हुए बेजा कब्जा हटाने में भेदभाव रहित पारदर्शी व्यवस्था अपनाने पर जोर दिया। अंत में अहमदाबाद विमान हादसे के शिकार सभी मृतकों को कुरूदवासियों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कुरूद नगर पंचायत अध्यक्ष चेम्बर में सौहार्द्रपूर्ण माहौल में हुई बैठक में नगर को सुंदर और व्यवस्थित करने के लिए पार्षदों से सुझाव लेकर उस पर अमल करने का निर्णय लिया गया। नपं अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने बाजार एवं बस्ती के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को जायज ठहराते हुए इसमें सहयोग के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं सभी जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही अभियान को आगे भी जारी रखने की बात कही। तब कुछ विपक्षी पार्षदों ने नगर के बाहरी हिस्से में कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा किए जा रहे बेजा कब्जा की ओर परिषद का ध्यान आकृष्ट कराया। बैठक के बाद नगर पंचायत में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर, उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने अहमदाबाद प्लेन हादसे के सभी मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति देने के लिए प्रार्थना की। परिषद एवं निकाय स्टाफ ने दो मिनट मौन धारणकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मौके पर नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, सभापति मिथिलेश बैस, सीतेश सिन्हा, राजकुमारी ध्रुव, पार्षद रजत चन्द्राकर, मनीष साहू, रवि मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर, उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर समेत अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## चरमुड़िया सरपंच भाजपा में शामिल



■ चंद्राकर बोले : भाजपा के कामकाज से मातृशक्तियां सर्वाधिक प्रभावित हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

भाजपा की रीति, केंद्र में मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विधायक अजय चंद्राकर द्वारा क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर चरमुड़िया सरपंच नीतू तेजेन्द्र तोड़ेकर ने आम आदमी पार्टी का दामन छोड़कर अपने पंचगणों के साथ भाजपा प्रवेश कर लिया है।

विधायक श्री चंद्राकर ने सभी को भाजपाई गमछा पहनाकर भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि पीएम मोदी का प्रभाव देश ही नहीं विश्व में दिखाई देता है जिसमें सर्वाधिक प्रभावित मातृशक्तियां हुई हैं। महिला सशक्तिकरण की बात बताते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में महिला समूह का गठन कर 10 करोड़ महिलाओं को अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़ने का जतन किया गया। देश में अमरीका की तरह चिकनी और चौड़ी सड़कों का जाल बिछ रहा है। कनेक्टिविटी बढ़ने से व्यापार बढ़ा और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। उन्होंने बताया कि एडीबी की मदद से क्षेत्र की 4 सड़कें लाइफलाइन बनी है। ब्राडगेज रेललाइन का काम तेज गति से जारी है। नई शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री श्री चन्द्राकर ने बताया कि कुरुद क्षेत्र की पहचान तेजी से शिक्षा हब के रूप में होने लगी है। मेगा फूड पार्क एवं 400 केवी पावर स्टेशन की स्थापना से क्षेत्र में रोजगार और समृद्धि के दरवाजे खुले हैं। भाजपा प्रवेश करने वालो में पंचगण सतीश निर्मलकर, इंद्रजीत साहू, लक्ष्मण भारती, दामिनी साहू, भुनेश्वरी साहू, एम. भवानी पटनायक, भुनेश्वरी साहू शामिल हैं।

## हटकेशर में बनेगा 250 सीटर सर्वसुविधायुक्त नालंदा परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ शासन से 4.42 करोड़ रूपये हुए स्वीकृत

हटकेशर वार्ड में नालंदा परिसर सर्वसुविधायुक्त लाइब्रेरी के निर्माण की तैयारी जोरों से चल रही है। भाजपा सरकार ने अपने वादे के मुताबिक धमतरी में नालंदा परिसर बनाने के लिए 4.42 करोड़ रू. की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। शहर में लंबे समय से सर्वसुविधायुक्त नालंदा परिसर (लाइब्रेरी) निर्माण की मांग हो रही थी। इस मुद्दे को महापौर रामू रोहरा ने प्रमुखता से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जब धमतरी आए थे, तब उनके समक्ष रखा। जिस पर मुख्यमंत्री ने नांलदा परिसर बनाने की घोषणा की थी। अब नालंदा परिसर के निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृक्ति मिल गई है। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर महापौर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, वित्तमंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया है।

महापौर श्री रोहरा की मांग पर नांलदा परिसर की सौगात धमतरीवासियों को मिली है। 12 जून को राज्य सरकार द्वारा 4.42.करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है जिससे 250 सीटर सुविधा युक्त नालंदा परिसर का निर्माण होगा। निगम द्वारा तेजी से प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए निर्माण हेतु हटकेशर में स्थल का चयन भी कर लिया गया है। नालंदा परिसर की प्रशासकीय स्वीकृक्ति मिलने पर महापौर का भाजपाइयों व नगरवासियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया है जिनमें महेन्द्र पंडित, निर्मल बरडिया, कविन्द्र जैन, अविनाश दुबे, बीथिका विश्वास, नरेन्द्र रोहरा, राजेन्द्र शर्मा, अखिलेश सोनकर, विजय साहू, विनय जैन, निलेश लुनिया, विजय मोटवानी, विभा चन्द्राकर, हिमानी साहू, श्यामलाल नेताम, तल्लीनपुरी गोस्वामी, आशा लोधी, कुशल लोढ़ा, हेमंत बंजारे, कोमल सार्वा, संतोष सोनकर, संजय देवांगन, अन्जु देशलहरे, ईश्वर सोनकर, गजेन्द्र कंवर, अनिता अग्रवाल, नम्रता पवार, सतीश पवार, चन्द्रभागा साहू, मेघराज ठाकुर, राकेश चंदवानी, शैलेष रजक, कुलेश सोनी, पिंटु यादव शामिल हैं।

## समाज को आगे ले जाने समय के साथ बदलाव जरूरी : अजय



■ 25 लाख की लागत से बनने वाले साहू समाज भवन का विधायक ने किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छग शासन द्वारा 25 लाख रूपये की लागत से नगर पंचायत कुरूद में बनने वाले नगर एवं तहसील साहू समाज सामुदायिक भवन का शिलान्यास एवं भूमिपूजन विधायक अजय चन्द्राकर ने किया। अध्यक्षता नपं अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने की।

इस मौके पर विधायक श्री चंद्राकर ने साहू समाज के पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि किसी भी समाज को आगे ले जाने में उनके पूर्वजों का संघर्ष बहुत मायने रखता है। समाज के दूरदर्शी सोच वाले लोग समाज को आगे ले जाते हैं। पदाधिकारी अपने समाज के स्वर्णिम इतिहास को जाने और उससे सीख ले। स्व. ताराचंद साहू का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि समाज को मजबूत बनाने में उनका अमूल्य योगदान रहा है। समय के साथ समाज में बदलाव जरूरी है। उन्होंने सामाजिक भवन के भूमिपूजन अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों को बधाई देते हुए समाज को हर स्तर से सहयोग करने का भरोसा भी दिलाया। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने समाजिक नेताओं और गणमान्य नागरिकों से कहा कि नगर में समाजिक भवनों का उत्थान लगातार शासन द्वारा किया जा रहा है। साहू समाज पूरे प्रदेश में बहुत बड़ा समाज है। साहू समाज समृद्ध बने। मां कर्मा से प्रार्थना करती हूं। विशिष्ट अतिथियों में नगर पंचायत उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष मालकराम साहू, जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, पार्षदगण मनीष साहू, मंजु प्रमोद साहू, उत्तम साहू सहित समाजिक पदाधिकारीगण राधेश्याम साहू, रामेश्वर साहू, रामप्यारे साहू, भारत साहू, ताराचंद साहू, रंजनी साहू, गायत्री साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

---

**प्रदेशव्यापी आंदोलन में जिले से हजारों लोग हुए शामिल**

# संवैधानिक अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सर्व अनुसूचित जाति-जनजाति संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक जीवराखन लाल मरई जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, जिला संयोजक भाव सिंह डहरे जिला अध्यक्ष सतनामी समाज, जिला संयोजक पालनहार मेश्राम जिला अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा, गेवाराम नेताम जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ धमतरी, रमेश लहरे जिला अध्यक्ष अजाक्स ने बताया कि एससी-एसटी के संवैधानिक अधिकार यथा पदोन्नति में आरक्षण, जनसंख्या के आधार पर आरक्षण, आरक्षित वर्गों के लिए छात्रवृत्ति में 2.50 लाख की आय सीमा को समाप्त करने, फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारकों पर कार्रवाई करने, जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरलीकरण किये जाने, पेसा कानून लागू करने, लोक सेवा (अजा, अजजा, पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994 के प्रावधान को शत-प्रतिशत लागू किये जाने, बैकलॉग की पूर्ति हेतु विशेष भर्ती अभियान चलाये जाने सहित अन्य अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 11 जून को तूता में धरना-प्रदर्शन किया गया जिसमें पूरे प्रदेश भर के हजारों की संख्या में अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के अधिकारी कर्मचारी सहित अनुसूचित जाति जनजाति संवर्ग के सामाजिक प्रमुख गण एवं सदस्यगण सम्मिलित हुए। डॉ. लक्ष्मण भारती, आरएन ध्रुव, आरएल ध्रुव, अनिल बनज, एनआर चंद्रवंशी, जीके मंडावी, जितेंद्र पाटले, विनोद कोसले, बीएस रावटे, विनोद नागवंशी, अनिल मेश्राम ने बताया कि यह एक सांकेतिक धरना प्रदर्शन है। यदि इसके बाद में भी मांगें पूरी नहीं होगी तो मोर्चा आगे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। धमतरी जिले से महेश रावटे, माधव सिंह ठाकुर, काशी कंवर, विश्राम दाऊ, पोखन कंवर, जयपाल ठाकुर, श्यामलाल नेताम, शिव नेताम, उमेश देव, होमन कतलाम, सुरेंद्र ध्रुव, ललित ठाकुर, ठाकुर राम नेताम, उदय नेताम, देवनाथ नगारची,एच आर ध्रुव, वीएस सिदार, सुजाता ध्रुव, अंजना नेताम, एमडी पैकरा, मदन ध्रुव, स्कंद ध्रुव, सुरेश ध्रुव, रोहित दीवान, भूपेंद्र ठाकुर, ईश्वर नेताम, राहुल नेताम, दौलत ध्रुव, गौतम पोटाई, टीकाराम कुंजाम, कृष्णा मरकाम, राकेश वैद्य, दीपक सहारे समेत अन्य शामिल हुए।


### छात्रों ने साइकिल रैली निकालकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**मगरलोड।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई मेघा में 50 पौधे लगाए गए। छात्र-छात्राओं द्वारा साइकिल रैली निकाली गई जिसमें पर्यावरण संरक्षण, जल बचाने का संदेश देते हुए मेघा का भ्रमण किया गया। इस दौरान भौमिक साहू प्रशिक्षण अधिकारी ने बताया कि सभी अपनी मां के प्रति अपने स्नेह, श्रद्धा और समर्पण भाव को प्रदर्शित करते हुए उनके नाम से पौधरोपण करें और पर्यावरण संरक्षण में अपना बहुमूल्य योगदान दें। शेषनारायण ध्रुव ने कहा कि इस अभियान में आपकी भागीदारी न सिर्फ आप सभी की माताओं के प्रति सम्मान का सूचक होगी, बल्कि धरती मां के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ हमें एक सुरक्षित भविष्य भी प्रदान करेगी।

## खबर संक्षेप

### सर्व ब्राम्हण समाज युवा मंच के प्रदेश सचिव सूरज व मीडिया प्रभारी ननकू महाराज बने







**धमतरी।** सर्व ब्राम्हण समाज युवा मंच का प्रदेश एवं जिले में पुनर्गठन किया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व में किए गए समाज हित में कार्य को देखते हुए सर्व ब्राम्हण समाज युवा मंच प्रदेश सचिव सूरज शर्मा, ननकू महाराज को सोशल मीडिया एवं प्रवक्ता, निशांत शर्मा, धर्मेन्द्र, राजा तिवारी गुजरा को प्रदेश आमंत्रित सदस्य, वैभव शर्मा मेघा को सोशल मीडिया एव प्रदेश आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय सर्व ब्राम्हण समाज के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की सहमति व मार्गदर्शन पर की है।

### कबीर जयंती आज

**धमतरी।** कबीर संस्थान, कबीर नगर रत्नाबांधा धमतरी में 15 जून रविवार को 11 बजे से 1 बजे तक कबीर जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के विभिन्न आश्रम से पधारे संतों के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। उक्त अवसर पर कबीर की मूल रचना बीजक पाठ, कबीर भजन के साथ विचार गोष्ठी कबीर व्यक्तित्व-कृतित्व, जीवन-दर्शन पर चर्चा सत्संग का आयोजन किया जाएगा।

मंदिर ट्रस्ट तैयारी में जुटा, रथयात्रा के एक सप्ताह पूर्व धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ होंगे

# 27 को निकलेगी महाप्रभु की रथयात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महाप्रभु जगन्नाथ की यात्रा को लेकर जगदीश मंदिर ट्रस्ट के लोग जोर-शोर से जुटे हुए है। रथयात्रा के सप्ताह भर पहले से ही जगदीश मंदिर में पूजा- अर्चना और काढ़ा वितरण के साथ अन्य धार्मिक आयोजन प्रारंभ हो जायेगा। गौरतलब है कि शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर से निरंतर 107 वर्षों से महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जा रही है जिसे देखने लाखों लोगों की भीड़ उमड़ती है। इस साल रथयात्रा महापर्व पर 27 जून को रथयात्रा निकलेगी, जो जगदीश मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्ग से होते हुए राष्ट्रीय गौशाला स्थित जनकपुरी पहुंचकर

**सप्ताह भर पहले शुरू होगा काढ़ा वितरण : किरण**

सम्पन्न होगी। रथयात्रा के एक सप्ताह पूर्व से जगदीश मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जायेंगे। महाप्रभु का स्नान 19 जून को सुबह 10:30 बजे से होगा और महाप्रभु को अर्पण की जाने वाली औषधि काढ़ा का वितरण 22 जुलाई से 25 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे से होगा। 26 जून को प्रातः 10 बजे से महाप्रभु की प्राण -प्रतिष्ठा पूजन एवं हवन कार्यक्रम होगा। 27 जून को प्रातः 5 बजे मंगला आरती एवं दर्शन और दोपहर 1 बजे रथयात्रा निकलेगी और 8 जुलाई को जनकपुरी से रथयात्रा की वापसी होगी। रथयात्रा की तैयारी को लेकर जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण कुमार गांधी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, सचिव प्रकाश गांधी, सहसचिव मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली, ट्रस्टी श्यामसुंदर अग्रवाल, डा. हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बाहेती, अजय अग्रवाल, बिपिन पटेल, मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रमेश लाट, भरत सोनी, अनिल मित्तल, बालकृष्ण महराज, आमंत्रित सदस्य विनोद अग्रवाल एवं रविकांत अग्रवाल जुटे हुए हैं।

# गौशालाओं को गौधाम का दर्जा देने के फैसले का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदेश की सभी गौशालाओं को अब गौधाम के नाम से संबोधित करने के ऐतिहासिक फैसले की चारों ओर सराहना हो रही है। इस निर्णय को लेकर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेशमंत्री खूबलाल ध्रुव ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

श्री ध्रुव ने कहा कि यह कदम न केवल हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं का सम्मान है, बल्कि इससे गौमाता के संरक्षण और संवर्धन को भी एक नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि गौधाम नाम में एक आध्यात्मिक और गरिमामयी भाव निहित है, जो जनमानस को भावनात्मक रूप से जोड़ने का कार्य करेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री का यह निर्णय उनके संवेदनशील और धर्मनिष्ठ नेतृत्व को दर्शाता है। इससे प्रदेशभर में संचालित गौशालाओं को नई पहचान मिलेगी और स्थानीय प्रशासन भी गौधामों की देखरेख में अधिक गंभीरता से काम करेगा।

# कत्थक में मनस्वी मोहबे रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




- इंटरनेशनल कला उत्सव में दिखाई प्रतिभा

नृत्य धाम कला समिति द्वारा आयोजित इंटरनेशनल कल्चरल हार्मोनी हिमशिखर शिमला कार्यक्रम में कुरूद नगर की बेटी मनस्वी मोहबे ने कत्थक क्लासिकल नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर धमतरी जिले को गौरान्वित किया है। इंटरनेशनल कला उत्सव में उसने कत्थक क्लासिक नृत्य विधा में सबका दिल जीता। उनके पिता उद्यानिकी अधिकारी मदन मोहबे और शिक्षिका संगीता मोहबे की पुत्री कक्षा दसवीं की छात्रा है। बचपन से ही विभिन्न विधाओं में हमेशा से आगे रही मनस्वी ने इस आयोजन में पूरी लगन, तन्मयता और उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने इसके लिए निरंतर अभ्यास किया था। अपनी शानदार प्रस्तुति से उन्होंने प्रथम पुरस्कार हासिल करते हुए न केवल स्कूल का बल्कि अपने परिवार, नगर और धमतरी जिले को गौरान्वित किया है। पूर्व में भी अनेक राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है।

# मेनोनाईट स्कूल में विमान दुर्घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए विमान हादसे ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया। इस त्रासदी ने कई परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाई है। इसी कड़ी में मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्टाफ ने जान गंवाने वालों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस सभा में श्रीमती करिश्मा मिलाप ने इस दुर्घटना में असमय मौत का ग्रास बने दिवंगत लोगों के लिए प्रार्थना की। शाला की प्राचार्या श्रीमती एच.के. खालसा ने कहा कि यह हादसा न केवल मृतकों के परिवार के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक गहरा आघात है। हमारी संवेदनाएं एवं प्रार्थना पीड़ित परिवारों के साथ है। सभा में स्कूल स्टाफ ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

# शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव 16 को आएंगे, हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय परिहार के निर्देश पर धमतरी जिला इकाई की बैठक रायपुर के प्रदेश पदाधिकारी की उपस्थिति में वन विभाग के रेस्ट हाउस धमतरी में हुई। जिला प्रमुख कृष्णा राव जगताप ने बताया कि 16 जून को शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव अभिजीत अड़सुल का रायपुर आगमन हो रहा है। उनके द्वारा जिले एवं प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक लेकर छत्तीसगढ़ के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर राजनीतिक रूपरेखा तैयार की जायेगी। इस अवसर पर सनी देशमुख प्रदेश अध्यक्ष युवा सेवा सेना, संतोष मार्कंडेय प्रदेश महासचिव कामगार सेना, भैया लाल द्विवेदी प्रदेश सचिव कामगार सेना, धर्मेंद्र कौर जिला महासचिव, हरिशंकर साहू, नारद राम ध्रुव, भगवानी ध्रुव, मंगलू नेताम, नरेश नाग, इंदर वटी, राजेश सारथी, संतोष वर्मा, अजय, नरसिंह साहू, यशवंत साहू, पीला बाई, रेखा बाई नेताम सहित शिवसेना के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सेमरा में आवास निर्माण की आड़ में रेत का अवैध परिवहन

- एनजीटी नियमों का खुलेआम हो रहा उल्लंघन
- स्थानीय प्रशासन की अनदेखी से सवालों के घेरे में जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ग्राम पंचायत सेमरा में इन दिनों आवास निर्माण के नाम पर अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का सिलसिला जारी है। जानकारी के अनुसार प्रतिदिन महानदी तट से दर्जनों ट्रैक्टर रेत भरकर ले जाए जा रहे हैं। शुक्रवार की सुबह जब हमारे प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे, तो चार ट्रैक्टर में रेत की लोडिंग मजदूरों द्वारा की जा रही थी। पूछताछ करने पर एक ट्रैक्टर चालक ने बताया कि एक ट्राली रेत की कीमत 1500 से 2000 रुपये तक ली जाती है।

स्थानीय ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि आवास निर्माण की आड़ में कुछ ट्रैक्टर मालिक अवैध रेत कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। यह गतिविधि न केवल राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है, बल्कि नदी के पारिस्थितिकी तंत्र और स्थानीय भूजल स्तर के लिए भी गंभीर खतरा है।

### प्रशासनिक मौन और कार्रवाई का अभाव

जब इस संबंध में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी से फोन पर बात की गई, तो उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीण लिखित में शिकायत करते हैं तभी कार्रवाई की जाएगी। यह बयान कई सवाल खड़े करता है। क्या अवैध उत्खनन जैसे गंभीर मामलों में प्रशासन को स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई नहीं करनी चाहिए।

### हरियाली के भाषण, जमीनी हकीकत उलट

हाल ही में विश्व पर्यावरण दिवस पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा संरक्षण की बातें तो खूब की गईं, लेकिन जमीनी स्तर पर नजारा बिल्कुल विपरीत है। सेमरा सहित नगरी सिहावा क्षेत्र में रेत के अवैध खनन और तस्करी का खेल खुलेआम, बेखौफ तरीके से जारी है, जिससे यह प्रतीत होता है कि कानून का डर अब न के बराबर रह गया है।

### जरूरत है ठोस कार्रवाई की

इस पूरे मामले में यदि समय रहते सघन जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो न केवल महानदी का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है, बल्कि अवैध कारोबारियों के हौसले भी और बुलंद होंगे। ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों ने राजस्व, खनिज, पर्यावरण विभाग और पुलिस प्रशासन से संयुक्त कार्यवाही की मांग की है।

# खेल से हम अपना करियर भी बना सकते हैं



- आमदी में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा माह मई, जून में जिलास्तरीय 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। 13 मई से 13 जून तक स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमदी में लॉन टेनिस सॉफ्ट टेनिस और बास्केटबॉल का खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें लगभग 35 से 40 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला स्तरीय खेल का समापन समारोह 13 जून को केंद्र आमदी में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक थे। अध्यक्षता प्राचार्य सेजेस ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती ज्योति साहू अध्यक्ष, कोमल यादव उपाध्यक्ष, चितेंद्र कुमार साहू, पारसमणि साहू, ऋषभ कुमार ठाकुर, एमन कुमार साहू विधायक प्रतिनिधि, रामचंद्र देवांगन राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक, संजीव कुमार साहू, तामेश्वर प्रसाद साहू व्यायाम शिक्षक, प्यारेलाल साहू सफाई कर्मी थे। अतिथियों ने कहा कि जीवन में खेल का बड़ा महत्व है। खेल से हम अपना करियर भी बना सकते हैं। उन्होंने नगर में खेल का वातावरण बनाने और नए खिलाड़ियों का रुझान खेलों की ओर बढ़ाने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी की इस योजना की सराहना की। साथ ही खिलाड़ियों के लिए खेल सामग्री उपलब्ध कराने की बात कही।

# कार में तोड़फोड़ कर चाकू मारने वाले दो आरोपी पकड़ाए

**दोनर एवं ढीमरटिकुर के बीच दिया था घटना को अंजाम**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम दोनर एवं ढीमरटिकुर के बीच रास्ते में प्रार्थी की कार में तोड़फोड़ कर, चाकू मारने वाले दो आरोपियों को पुलिस टीम ने रातभर अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर 24 घंटे में गिरफ्तार किया, जिसमें एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल है।

आरोपियों ने प्रार्थी के साथ पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लील गाली-गलौज कर चाकू से वार किया था। आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धारा 126(2) 296,118 (1) 118(2) 351 (3) 324 (4).3. (5) एवं 238 बीएनएस के तहत की कार्यवाही की गई।

ज्ञात हो कि प्रार्थी पोखनलाल साहू अपने वाहन क्रेटा कार से अपने दोस्त जीवनलाल ध्रुव ग्राम देवरी के साथ ग्राम बोरसी से वापस घर आ रहा था। शाम करीब 7.30 बजे ग्राम दोनर से निकलकर ग्राम ढीमरटिकुर


आरोपी चन्द्रशेखर


आरोपी हारेन्द्र

जाने रास्ते में पहुंचे थे कि उसी समय ग्राम दोनर के लिक्की साहू पिता तुकेश साहू एवं उसके अन्य साथी प्रार्थी की कार को रोककर पुरानी रंजिश एवं पुरानी बातों को लेकर गालीगलौज करते हुए कार में तोड़फोड़ करने लगे। लिक्की साहू ने जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से प्रार्थी के दाहिने हाथ की भुजा में वार किया। प्रार्थी अपने दोस्त जीवनलाल ध्रुव के साथ डर से अपने क्षतिग्रस्त क्रेडा कार क्र. सीजी 05 एआर 5481 को छोड़कर अपने गांव ढीमरटिकुर पहुंचकर घटना के बारे में अपने भाई डोमार साहू एवं गांव के हरनारायण साहू को बताया। थाना अर्जुनी में रिपोर्ट दर्ज कराने पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

अर्जुनी थाना प्रभारी एवं उनकी टीम ने रात भर अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर 24 घंटे के अंदर आरोपीगणों की पतासाजी कर आरोपी लिक्की उर्फ चन्द्रशेखर साहू को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपी लिक्की उर्फ चन्द्रशेखर ने अपने दो अन्य साथियों हारेन्द्र यादव पिता चुरामन यादव उम्र 18 वर्ष 9 माह साकिनान दोनर थाना अर्जुनी जिला धमतरी(छ.ग.) तथा एक विधि से संघर्षरत बालक के साथ इस घटना को अंजाम देने की बात कही। आरोपियों के कब्जे एक लोहे का फोल्ड वाला चाकू जप्त किया गया। धारा 126(2) 296, 118(1) 118(2) 351 (3) 324 (4).3. (5) बीएनएस. के तहत आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड लेकर जेल भेजा गया। नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड धमतरी में पेश किया जाएगा।

**लाइब्रेरी में 20 हजार पुस्तकें, यहां प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर दर्जनों युवा बने अफसर**

# जिला लाइब्रेरी बनी विद्यार्थियों के लिए वरदान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



रत्नाबांधा रोड स्थित जिला लाइब्रेरी इन दिनों छात्र-छात्राओं से भरी रहती है। सुबह 9 से रात 8 बजे तक एक भी कुर्सी खाली नहीं रहती। लाइब्रेरी में 20 हजार पुस्तकें हैं । गणित, विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, राजनीति, दर्शनशास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी, उपन्यास आदि के साथ दर्जनों मासिक प्रतियोगिता पत्रिका, न्यूज पेपर के माध्यम से अभी तक 20 से अधिक युवा अधिकारी बन गए हैं। 150 से अधिक छात्र-छात्राएं 12वीं पास आउट के उच्च अध्ययन के लिए बड़े शहरों में चले गए। सैकड़ों युवा तृतीय श्रेणी कर्मचारी व व्यापमं के कर्मचारी बन गए। लगभग 200 सीट वाली लाइब्रेरी में शहर के अलावा 10 किमी दूर से विद्यार्थी यहां अध्ययन करते हैं। दिनभर विभिन्न पुस्तकों का अध्ययन करते हैं। स्कूल-कालेज के छात्र-छात्राएं यहीं आकर शांत माहौल में पढ़ाई कर रहे हैं। बता दें कि लाइब्रेरी में सभी संकाय की पुस्तकें उपलबध हैं जिसका फायदा बच्चे उठाते हैं। लाइब्रेरियन के मुताबिक 70 से अधिक संकायों की पुस्तकें उपलब्ध हैं। दूरदराज के बच्चे यहीं लंच करते हैं और फिर पढ़ने बैठ जाते हैं।

शाम होते ही घर जाते हैं। लाइब्रेरी में 100 से अधिक महापुरूषों की जीवनी भी संग्रहित है। लाइब्रेरी में अध्ययन के लिए पहुंचे विभा साहू, पायल साहू, कुंदन गुप्ता, नीरज सोनी, भावना चंद्राकर का कहना है कि वे यूजी पीजी कंपलीट कर चुके हैं। अब गवर्नमेन्ट जॉब के लिए तैयारी करने लाइब्रेरी आते हैं। कंपिटिशन की ढेर सारी पुस्तकें, मासिक पत्रिका, जीवनी की पुस्तकें खरीदना आसान नहीं है। लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों के माध्यम से उनकी अच्छी तैयारी होती है।

लाइब्रेरी में अध्ययन करने पहुंचे प्रफुल्ल कुंजाम ने बताया कि उनका पुलिस में चयन हो गया है। ज्वाइनिंग लेटर का इंतजार है। लाइब्रेरी के सहारे ही वे प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में जुटे हैं। उन्होंने बिताया कि गत वर्ष उनके पांच सहपाठी भी सरकारी नौकरी में चले गए। वे बड़े ओहदे पर हैं। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी में पढ़ने वाले युवा ज्यादातर कंपिटिशन एग्जाम की तैयारी के लिए आते हैं। यहां पुस्तकों के अलावा पढ़ने के लिए शांत माहौल है। कुर्सी, टेबल, पंखा, प्रसाधन, पार्किंग की सुविधा है।

# आयुर्वेद को अपनाएं और स्वस्थ रहें : नीलम

- बानगर में आयोजित हुआ नि :शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



ग्राम बानगर में शनिवार को विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर थे। अध्यक्षता आनंदराम साहू सरपंच ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य थे। विभाग द्वारा सभी बीमारियों का अलग-अलग स्टाल लगाकर चेकअप कर दवाई वितरण किया गया।

इस दौरान नीलम ने कहा कि आयुर्वेद एक प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है जो किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं करता है। रोग के ठीक होने में समय लगता है, पर रोग समूल ठीक करता है। यह भारतीय चिकित्सा पद्धति रोग चिकित्सा के साथ-साथ स्वस्थ रहने की भी शिक्षा देती है। आजकल जगह-जगह आयुर्वेद ग्राम व आयुष विभाग के द्वारा प्रचार-प्रसार होने से आयुर्वेद के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। मुख्य अतिथि ने ग्रामवासियों से निवेदन किया कि बीमारी आने से पहले हम आयुर्वेद को अपनायें ताकि गंभीर बीमारी से बच सके क्यों अभी का खान पान और दिनचर्या बहुत बिगड़ चुका है इसलिए पहले अपने आपको सुरक्षित करें। आभार प्रदर्शन शिविर प्रभारी डॉ. प्रवीण चंद्राकर ने करते हुए बताया कि आयुष मेले में लगभग 150 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई दी गई।


शिक्षा भूमि
धमतरी
के शिक्षा मंदिर
विज्ञापन के लिए संपर्क करें : उमेश सिंह वशिष्ट 98261-14710, रवि सिंह राजपूत 83058-71196



U-Dise Code 22133010109
CBSE Aff.No. 3330021
Mennonite English Sr. Sec. School
ADMISSION OPEN
NURSERY to CLASS 9th and 11th
AVAILABLE STREAMS
BIOLOGY | MATHEMATICS | COMMERCE | AGRICULTURE
HOME SCIENCE | PHYSICAL EDUCATION | COMPUTER SCIENCE
OUR UNIQUE FEATURES
1. Strong, experienced Management, having more than 100 years of experience of running educational institutions.
2. The first English Medium Senior Secondary School in Dhamtari district, affiliated to CBSE Delhi.
3. Trained, qualified, smart and experienced teachers.
4. Well equipped Science, Maths, Home Science and Computer labs.
5. Strong communication skills, life skills are practiced and developed.
6. Determined to motivate students to enjoy the real opportunities in life.
7. Constantly growing with innovative ideas to increase confidence level and set then outstanding in the crowd.
8. Physical Education and huge playground.
9. Pollution free, healthy, safe and disciplined atmosphere.
10. Rich library-updated every year.
11. Educational tours for increasing knowledge.
12. Play and learn method for teaching in lower classes.
13. Developing creativity through assignments and projects.
14. National, State and School level competition in various fields.
15. Developing awareness about environment through Environment Education.
16. Affordable fee, scholarships given for genuine candidates.
CBSE 12TH
Sonali Mulwani 86%
Arnav Shankar Yadav 84%
Vanshika Karara 82.8%
CBSE 10TH
Pranjal Mishra 89.2%
Karamveer Singh Mundi 87.6%
Prashant Dewangan 87.4%
RATNABANDHA ROAD, DHAMTARI (C.G.)


MILLENNIUM SCHOOL
LEARN HERE LEAD ANYWHERE
ADMISSION 2025-26 OPEN
Play Group to Class 8th
70494-60999 | 70494-61999
To know more Please Scan
HOUSING BOARD COLONY, DHAMTARI (C.G.)


CLASSES - NURSERY TO XII
ADMISSION OPEN
2025-26
SARVODAYA
ENGLISH HIGHER SECONDARY SCHOOL
BRANCH:- DHAMTARI GURUR BHAKHARA SANKARA (NAGRI)
Our Features
Experimental Lab
Library
Smart Learning
E-Learning Space
NSS, NCC
Kids Activity
Educational Excursion
Special Attention on Spoken English.
Effective School Discipline.
Focus on Personality Development.
Student Performance Analytics
Housing Board Colony, Hatkeshar District- Dhamtari (C.G.)
62638-95017
70499-36658
Sarvodaya_school_dmt
97%
Meritorious Student


COMPTECH COLLEGE
Affiliation: Higher Education Govt of CG & Ravishankar Shukl University
First AICTE Approved College
B.Sc.
BCA
B.Com प्लेन एवं कम्प्यूटर
PGDCA
DCA
Smart Class Room
Limited Seats
BCA
B.Com
Taleshwari I BCA
Deshmukh Yadav II BCA
Vijyendra III BCA
Bhumika IV BCA
Nagesh Sahu I Bcom
Moh. Vasim II Bcom
Geetanjali III Bcom
Prerna Rao IV Bcom
PGDCA
Chetna I PGDCA
Kavita II PGDCA
Durga Kunjam II PGDCA
Priti Sahu III PGDCA
Semester System
(100% Result)
Get Government Scholarship
ST.SC.OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
प्रवेश प्रक्रिया
Online- Admission Form
कॉम्पटेक महा. में निःशुल्क Online फार्म करें
Choice Cetre या अन्य कम्प्युटर सेंटर से Online फार्म भर सकते हैं।
प्रवेश हेतु College Helpline No. 9425503082 में संपर्क करें
आज ही संपर्क करें प्रातः 10 से 2 बजे
College Code-411
College Name-Comptech College सर्च करें
Higher level Education
Best Ranking
Sure Success
COMPTECH COLLEGE
Near Sorid Bridge, Ambedkar Chowk, Sorid Nagar, Dhamtari
Mob: 9425503082